

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-294 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## विकसित भारत के लिए एकजुट रहें : मोदी

**नई दिल्ली,23 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाने वाली उनकी 128वीं जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारतीय युवाओं से विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्मजयंती के पावन अवसर पर पूरा देश श्रद्धापूर्वक उन्हें याद कर रहा है। मैं नेताजी सुभाष बाबू को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के पराक्रम दिवस का भव्य उत्सव नेताजी की जन्मभूमि पर हो रहा है। मैं ओडिशा की जनता को, ओडिशा सरकार को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि कटक में नेताजी के जीवन से जुड़ी एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में नेताजी के जीवन से जुड़ी अनेक विरासतों को एक साथ सहेजा गया है। कई चित्रकारों ने कैनवास पर नेताजी के जीवन प्रसंग की तस्वीरें उकेरी हैं। उन्होंने कहा कि इन सबके साथ नेताजी पर आधारित कई पुस्तकों को भी इकट्ठा किया गया है। नेताजी की जीवन यात्रा की ये सारी विरासत मेरे युवा भारत को एक नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है, भारत की आवाज बुलंद हो रही है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से एक लक्ष्य-एक ध्येय विकसित भारत के लिए निरंतर काम करते रहना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा आजाद हिंद। उन्होंने कहा कि नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्में। उन्होंने सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते। लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश-विदेश में भटकना पसंद किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष सुविधा क्षेत्र के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने सुविधा क्षेत्र से बाहर निकलना है। हमें खुद को विश्व स्तर पर सर्वोत्तम बनाना है, उत्कृष्टता को चुनना ही है, दक्षता पर फोकस करना है। मोदी ने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई। इसमें देश के हर क्षेत्र, हर वर्ग के वीर-वीरांगनाएं शामिल थे। सबकी भाषाएं अलग-अलग थी, लेकिन भावना एक थी - देश की आजादी। उन्होंने कहा कि यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है। उन्होंने कहा कि बीते दशक में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। ये बहुत बड़ी सफलता है। आज गांव हो या शहर, हर तरफ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है, साथ ही भारत की सेना की ताकत में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।



### संक्षेप

#### ट्रक ने 6 साल के बच्चे को कुचला

**रायपुर,23 जनवरी।** तिल्दा नेवरा से लगे ग्राम बिलाड़ी में तेज रफ़्तार ट्रक ने 6 साल के मासूम को कुचल दिया, बच्चे की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर बच्चे को लेकर माँ बिलखती रही। गांव वालो ने चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खाली करवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम बिलाड़ी निवासी मयंक यदु उम्र 6 वर्ष सड़क पार कर रहा था, तभी तिल्दा की ओर से तेज रफ़्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और फरार हो गया। लोगो ने उसका पीछा कर ट्रक को पकड़ लिया, लेकिन ड्राइवर फरार बताया जा रहा है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटना स्थल पर तत्काल पहुंच कर स्थिति नियंत्रण करने का प्रयास करते रहे और शव को अस्पताल पहुंचाकर मामला शांत करवाया।

#### पुलिसकर्मी ने सरेआम महिला को पीटा

**रायपुर,23 जनवरी।** राजधानी रायपुर में पुलिसकर्मी के मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि स्कूटी सवार महिला ने पुलिस कर्मी की बाइक को ठोकर मार दी, जिसपर सरेआम बाइक सवार पुलिसकर्मी ने स्कूटी सवार महिला पर घुसे बरसा दिए। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स पुलिसकर्मी पर भड़ास निकालते हुए कह रहे है कि कैसे कोई सरकारी कर्मचारी इस तरह किसी पर हाथ उठा सकता है, अब देखना होगा कि उसे पुलिसकर्मी पर क्या कार्रवाई की जा सकती है। घटना पंडरी लोधी पारा चौक के पास की बताई जा रही है। मामला खम्हाडीह थाना इलाके का है।

#### खून से लथपथ मिली युवक की लाश

**कोरबा,23 जनवरी।** जिले से हत्या का मामला सामने आ रहा है, यहां उरगा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम भैसमा के साप्ताहिक बाजार के समीप सागौन बाड़ी में एक युवक की लाश मिली है। गुरुवार की सुबह राहगीरों की नजर सैगोन बाड़ी पर पड़ी जहां पास जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। एक युवक के सिर को पत्थर से कुचला हुआ था, जिसकी लाश खून से लथपथ पड़ी थी। जिसे देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना तत्काल 112 की टीम को दी। जहां मौके पर पहुंच टीम में संबंधित थाना उरगा पुलिस को दी। उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी घटना की सूचना मिलते ही टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू करते अपने उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। जहां सूचना मिलते ही कोरबा सीएसपी भूषण एक्का भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की माने तो युवक कौन है और कहां का रहने वाला है इस बात का पता नहीं चल सका है लेकिन उसके सिर पर हत्या करने वालों ने बेरहमी से पत्थर से कुचल कर मारा है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उसे जगह को घेराबंदी कर सील कर दिया मौके पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया।

#### भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**गरियाबंद,23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के दौरान अवैध शराब की तस्करी पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बीती रात गरियाबंद जिले के अमलीपदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर ओडिशा से लाई जा रही लाखों रुपये की अंग्रेजी शराब जब्त की।

सूचना के मुताबिक, एक संदिग्ध वाहन ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ रहा था। अमलीपदर पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर वाहन को रोका। जांच के दौरान वाहन से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद हुई। पुलिस ने वाहन चालक को मौके पर गिरफ्तार किया।



## रतनपुर में बनेगा महामाया देवी कॉरिडोर

### काशी विश्वनाथ परिसर की तर्ज पर होगा विकास

**बिलासपुर,23 जनवरी।** बिलासपुर जिले के रतनपुर स्थित महामाया मंदिर परिसर की तस्वीर जल्द बदलने वाली है. इसे काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा. केंद्रीय एजेंसी द्वारा बनाई गई 150 करोड़ की योजना के क्रियान्वित होने पर मंदिर परिसर का पूरी तरह कायाकल्प हो जाएगा. रतनपुर में विराजमान मां महामाया के प्रति देश-प्रदेश के श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा है. लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर को 150 करोड़ की लागत से कायाकल्प किया जाएगा. इस परियोजना का उद्देश्य मंदिर परिसर को काशी और उज्जैन की तर्ज पर विकसित करना है. कॉरिडोर में श्रद्धालुओं के लिए भव्य प्रवेश द्वार, सुगम आवागमन, आधुनिक पेयजल, शौचालय, पार्किंग और पर्यटकों के ठहरने की सुविधा शामिल होगी. इसके साथ ही मंदिर परिसर का सुंदरीकरण और प्रकाश व्यवस्था भी होगी. केंद्रीय शहरी एवं आवास राज्य मंत्री तोखन साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में परियोजना की योजना पर चर्चा की गई. राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम इस प्रोजेक्ट की निगरानी करेगा. इस परियोजना से न केवल रतनपुर को धार्मिक पर्यटन में नई पहचान मिलेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिलेगी. बिलासपुर-कोरबा मुख्य मार्ग पर स्थित रतनपुर नगर आदिशक्ति मां महामाया देवी का दिव्य धाम है. इस नगरी का गौरवशाली इतिहास राजा रत्नदेव प्रथम से जुड़ा है, जिन्होंने इसे अपनी राजधानी के रूप में स्थापित किया था. यहां स्थित महामाया मंदिर का प्राचीन वैभव और धार्मिक महत्त्व इसे देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनाता है. हर वर्ष लाखों की संख्या में भक्त और पर्यटक यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं. कॉरिडोर बनने पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी.

मां महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ने कहा कि महामाया मंदिर कॉरिडोर छत्तीसगढ़ को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान देगा. यह परियोजना न केवल आस्था का प्रतीक बनेगी, बल्कि राज्य के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में भी सहायक होगी.

## 25 लाख का इनामी नक्सली गुड्डू और उसकी पत्नी अंजू ढेर

**गरियाबंद,23जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले में हुए बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है. मारे गए नक्सली की शिनाख्त पूरी हो चुकी है. जिसमें पता चला है कि मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी नक्सली गुड्डू और उसकी पत्नी अंजू को भी मार गिराया गया है. गुड्डू उर्फ़ बलदेव राज्य कमेटी मेंबर और अंजू जिला कमेटी मेंबर थी. वहीं मुठभेड़ से लौटे जवानों से आज रूबरू होने आईजी अमरेश मिश्रा मैनपुर जाएंगे. बता दें कि कुल्हाड़ी घाट के भालू डिग्गी जंगल में सोमवार से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ खत्म हो चुकी है. इस मुठभेड़ में मारे गए 14 नक्सलियों के शव को लेकर मंगलवार की रात जवान जिला मुख्यालय पहुंचे.जिसके बाद दो और वर्दीधारी एक पुरुष और एक महिला नक्सलियों के शव बरामद हुए थे, जिनकी शिनाख्त आज हुई है. घटनास्थल से सुरक्षाबलों ने एक ,च-47, एक कंट्री मेड राइफल और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की है. जवानों ने कुल 16 नक्सलियों को मार गिराया है. जवानों ने मुठभेड़ के दौरान एक करोड़ के इनामी नक्सली केंद्रीय कमेटी सदस्य जयराम उर्फ चलपती को मार गिराया. इसके अलावा सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी मारा गया है. मनोज पर एक करोड़, तो गुड्डू पर 25 लाख रुपये का इनाम था. मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था.





## जंगल में जवानों को मिला नक्सलियों का सामान

### भारी मात्रा में विस्फोटक और नक्सल सामग्री बरामद

**सुकमा,23 जनवरी।** जिले में कोबरा और सीआरपीएफ के जवानों ने बड़ी छापेमारी की है. दुल्लेड़ और मेटागुड़ा के बीच जंगल में नक्सलियों का डंप यार्ड मिला है. यहां से जवानों ने भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और उपकरण बरामद किया है. जानकारी के अनुसार, कोबरा की 203 और सीआरपीएफ की 131वीं बटालियन के जवानों ने कार्रवाई करते हुए नक्सलियों का डंप बरामद किया. जवानों ने डंप से जनरेटर से लेकर विस्फोटक व अन्य सामग्री बरामद किया. इस दौरान ये भी सामने आया कि नक्सली बरामद किए गए उपकरणों का इस्तमाल कर बीजीएल सेल्स बनाते थे.



## बिहार के अफसर के घर कुबेर का खजाना

**बेतिया,23 जनवरी।** बिहार के बेतिया जिले में छ्श्वह्र यानी जिला शिक्षा पदाधिकारी पर कुबेर का खजाना मिला है। विजिलेंस की टीम ने गुरुवार को छापेमारी की तो घर से बड़े पैमाने पर कैश बरामद हुआ। यह रकम इतनी बड़ी है कि बिस्तरों पर नोटों के बंडल दिख रहे हैं और इस कैश कि गिनती के लिए मशीनें लगाई गई हैं। अधिकारी रजनीकांत प्रवीण के घर पर जिस समय विजिलेंस की टीम छापेमारी को पहुंची तो वह पूजा कर रहे थे। विजिलेंस की टीम ने बेतिया में रजनीकांत प्रवीण के आवास पर छापेमारी की है तो वहीं समस्तीपुर में सुसराल और दरभंगा में भी कार्रवाई की जा रही है। विजिलेंस की टीम ने बेतिया में जिला शिक्षा पदाधिकारी के घर पर छापेमारी की है तो वहीं एक टीम ने उनके समस्तीपुर स्थित ससुराल में भी रेड मारी है। दिलचस्प बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर काली कमाई करने वाले अफसर बेतिया के बसंत विहार इलाके में किराये के घर पर रहते थे। विजिलेंस की टीम ने उस किराये के घर पर ही सुबह 9 बजे दस्तक दी। विजिलेंस की टीम जब पहुंची तो रजनीकांत उस समय पूजा में बैठे थे। उनके यहां रेड में विजिलेंस की 8 सदस्यीय टीम पहुंची। वहीं समस्तीपुर के बहादुरपुर मुहल्ले में रजनीकांत की ससुराल में भी टीम पहुंची है। वर्ष 2012 में समस्तीपुर डीईओ की जिम्मेदारी भी रजनीकांत संभाल चुके हैं। डीईओ रजनीकांत के अलावा उनकी पत्नी सुषमा के बारे में भी ऐसी जानकारी मिली हैं, जिससे पता लगता है कि वह भी खिलाड़ी हैं। पत्नी सुषमा तिरहुत एकेडमी प्लस टू स्कूल में शिक्षिका हैं. लेकिन वह वहां से एजुकेशन लीव लेकर दरभंगा में एक बड़े निजी स्कूल का संचालन करती हैं। विजिलेंस के सूत्रों का कहना है कि रजनीकांत और उसके परिवार के पास पटना, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में संपत्ति की सूचना मिली है। इसी के चलते कई जिलों में विजिलेंस की टीम छापेमारी कर रही है। रजनीकांत प्रवीण के यहां मिले कैश से हर कोई हैरान है और इतने ज्यादा नोटों के बंडल मिले हैं कि पूरे बिस्तर पर कैश ही बिखरा दिख रहा है।



## अवैध गतिशीलता और प्रवासन का दृढ़ता से विरोध :जयशंकर

**नई दिल्ली,23 जनवरी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत बिना दस्तावेज वाले भारतीय प्रवासियों की उनके गृह देश में वैध वापसी के लिए हमेशा खुला रहा है। एस जयशंकर ने यह भी कहा कि सरकार अभी भी अमेरिका से उन लोगों की पुष्टि करने की प्रक्रिया में है जिन्हें भारत भेजा जा सकता है और उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक कोई संख्या निर्धारित नहीं की है। एक सरकार के रूप में, हम स्पष्ट रूप से कानूनी गतिशीलता के बहुत समर्थक हैं क्योंकि हम वैश्विक कार्यस्थल में विश्वास करते हैं। हम चाहते हैं कि भारतीय प्रतिभा और भारतीय कौशल को वैश्विक स्तर पर अधिकतम अवसर मिले।

जयशंकर ने संवाददाताओं से कहा हम अवैध गतिशीलता और अवैध प्रवासन का भी दृढ़ता से विरोध करते हैं। मंत्री उन खबरों के बारे में पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे जिनमें कहा गया था कि भारत डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ मिलकर अमेरिका में लगभग 1,80,000 भारतीयों की वापसी पर काम कर रहा है, जिनके पास या तो कोई दस्तावेज नहीं है या वे अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी वहां रह रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस बारे में विदेश मंत्री मार्को रूबियो से बात की है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वीजा प्राप्त करने में 400-दिनों की प्रतीक्षा अवधि लगती है, तो मुझे नहीं लगता कि इससे संबंध अच्छे होंगे। उन्होंने (रूबियो ने) भी इस बिंदु पर ध्यान दिया।'' जयशंकर ने कहा, ''मैंने आंकड़े देखे हैं... हमारे लिए यह महज आंकड़ा नहीं है। यह तभी प्रभावी होगा जब हम वास्तव में इस तथ्य को सत्यापित कर सकें कि संबंधित व्यक्ति भारतीय मूल का है।





## कोयले से भरे ट्रेलर में आग

**कोरबा,23 जनवरी।** शहर के मानिकपुर कॉल साइडिंग में कोयले से लदे एक ट्रेलर में आग लग गई. कोयला डंप करने के दौरान वाहन के केबिन में आग लगी. ट्रेलर में आग लगने के बाद आसमान में काला धुआं उठने लगा. किसी तरह वाहन चालक ने कूदकर अपने जान बचाई. जानकारी के मुताबिक, मानिकपुर पुलिस चौकी इलाके के मानिकपुर कोल साइडिंग में कोयला डंप करने पहुंचे ट्रेलर में आग लग गई. कोयला डम्प करते हुए ट्रेलर में आग लग गई. केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया. ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई. मौके पर पुलिस और एसईसीएल के अधिकारी पहुंचे हैं.

## पत्नी की हत्या कर लाश के किए टुकड़े, प्रेशर कुकर में उबाला

**हैदराबाद,23 जनवरी।** आर्मी से रिटायर हुए शख्स ने अपनी ही पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी है। पूर्व आर्मी अधिकारी सिर्फ अपनी पत्नी को मारने के बाद ही नहीं रुका, हैवानियत का सिलसिला इसके बाद भी जारी रहा। आरोपी व्यक्ति ने अपनी पत्नी की लाश को टुकड़ों में काटा और उन टुकड़ों को प्रेशर कुकर में पकाया। इसके बाद उन टुकड़ों को झील में फेंक दिया। आरोपी ने अपना आरोप पुलिस के सामने कबूल कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस घटना के बाद और आरोपी के कबूलनामे के बाद अब पुलिस हर तरह से मामले की जांच कर रही है।

सेना के रिटायर्ड अधिकारी वर्तमान में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम कर रहे है। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी 35 वर्षीय पत्नी को मौत के घाट उतार दिया है। पत्नी की हत्या के बाद उसके टुकड़े किए और शरीर के अंगों को प्रेशर कुकर में उबाल दिया। आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। व्यक्ति ने बताया है कि उसने पत्नी के अंगों को एक झील में फेंक दिया है। पुलिस इस मामले में पूरी जानकारी जुटाने के लिए जांच में लग गई है। वर्तमान में आरोपी व्यक्ति कंचनबाग में डीआरडीओ के साथ आउटसोर्स सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करता है। व्यक्ति मूल रूप से आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के मूल निवासी गुरु मूर्ति है, जिसकी उम्र 45 वर्ष है। वो कुछ समय के लिए सेना में काम कर चुका है। वो अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था। पुलिस के मुताबिक बीते कई दिनों से व्यक्ति और उसकी पत्नी के बीच संबंध अच्छे नहीं थे। दोनों अक्सर झगड़ते रहते थे। इसी बीच 18 जनवरी को व्यक्ति की पत्नी गायब हो गई। मूर्ति ने अपनी परिवार को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को महिला के गुमशुदा होने की सूचना दी गई है। युवक ने पत्नी के बारे में कुछ पता नहीं होने का नाटक पुलिस के सामने भी किया। शुरुआत में उसने पुलिस की मदद की और पत्नी को खोजने का नाटक किया। इसी बीच पुलिस को युवक के व्यवहार पर शक हुआ। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया। इसके बाद उसने खुद ही पत्नी की हत्या करने की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसने उसके टुकड़े किए और टुकड़ों को प्रेशर कुकर में उबाल दिया। इसके बाद उसने इन टुकड़ों को जिल्लेलागुडा में एक झील में फेंका था।



#### जेल में बंद सौम्या चौरसिया ने एक याचिका वापस ली

**रायपुर,23 जनवरी।** कोल लेवी वसूली और मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम की उप सचिव सौम्या चौरसिया ने एक याचिका वापस ली है। यह याचिकी आय से अधिक संपत्ति के एक पुराने मामले की थी। जिसे वापस ले ली है। यह मामला पहले एसीबी कोर्ट में चल रहा था। जहां से उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी थी। जमानत मिलने के बाद, इस मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। बता दें कि ED ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपए की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था। इस लेवी से हासिल राशि से चल-अचल संपत्तियां अर्जित की गईं.

## कपिल शर्मा और अन्य सेलेब्स को पाकिस्तान से मिली धमकी

**मुंबई,23 जनवरी।** कपिल शर्मा एक्टर राजपाल यादव समेत तीन सेलेब्स को धमकीभरे ई-मेल्स मिले हैं। पहले एक्टर राजपाल यादव, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा को धमकी भरे ई-मेल्स मिले थे। इन तीनों सेलेब्स के बाद, कॉमेडियन कपिल शर्मा को भी धमकी भरा मेल आया है। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट फाइल कर ली है। पुलिस की मानें तो ये धमकीवाले मेल पाकिस्तान से आए हैं। धमकी वाले मेल्स में सेलेब्स के परिवार और करीबियों को भी टारगेट किया गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो राजपाल यादव, सुगंधा मिश्रा और रेमो डिसूजा ने मुंबई पुलिस में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मुंबई स्थित अंबोली पुलिस ने सेक्शन 351(3) के तहत केस फाइल किया है। पुलिस ने जांच में पाया है कि ईमेल का आईपी एड्रेस पाकिस्तान का है। रिपोर्ट्स की मानें तो कपिल शर्मा और उनकी टीम को धमकी इसलिए मिली है क्योंकि उनके शो को सलमान खान स्पॉन्सर करते हैं। बता दें, इस मेल के बाद कपिल शर्मा और उनकी टीम को सुरक्षा दी जाएगी।जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक, मेल भेजने वाले ने अपना नाम विष्णु बताया है। मेल में दावा किया गया है कि जिस शख्स ने मेल भेजा है वो इन सेलेब्स के एक्शन को मॉनिटर कर रहा है। वहीं, मेल में कहा गया कि ये मेल कोई पब्लिसिटी स्टंट नहीं है। मेल में कहा गया है- हम आपके हाल के एक्शन की निगरानी कर रहे हैं। हमारा मानना है कि ये जरूरी है कि हम आपके ध्यान में एक संवेदनशील मामला लाएं। ये कोई पब्लिक स्टंट या आपको परेशान करने की कोशिश नहीं है। हम आपसे इस मैसेज को बहुत गंभीरता से लेने और गोपनीयता रखने की रिक्वेस्ट करते हैं। ऐसा न करने पर नतीजे खतरनाक हो सकते हैं जो आपकी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ पर असर डाल सकते हैं। हम अगले 8 घंटों के भीतर आपसे तुरंत जवाब की उम्मीद करते हैं।

## बार में पंजीयन न कराने वाले वकील भी दे सकेंगे सिविल जज की परीक्षा

**बिलासपुर,23 जनवरी।** हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि, ऐसे वकील जिन्होंने स्टेट बार काउंसिल में पजीयन नहीं कराया है वे भी सिविल जज परीक्षा- 2024 के फॉर्म भर सकते हैं। बता दें कि, 24 जनवरी को फॉर्म भरने की आखिरी तारीख थी, इसे एक माह बढ़ाने के भी निर्देश छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को हाई कोर्ट ने दिए हैं। इसे लेकर नियमों में किए संशोधन पर पुनर्विचार करने का आग्रह भी हाई कोर्ट से किया है। इस मामले पर अब 17 फरवरी को सुनवाई होगी। जानकारी के अनुसार जबलपुर में रहने वाली विनीता यादव ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई है, इसमें बताया कि उसने रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी, जबलपुर से विधि में स्नातक किया है और वर्तमान में सरकारी नौकरी में है। वह छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षा- 2024 में शामिल होना चाहती है, लेकिन विज्ञापन में विधि स्नातक होने के साथ ही स्टेट बार काउंसिल में अधिवक्ता के तौर पर पंजीयन अनिवार्य किया गया है। पूर्णकालिक सरकारी नौकरी में होने के कारण वह बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार अधिवक्ता के तौर पर पंजीयन नहीं करा सकती। याचिका में छत्तीसगढ़ के विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा 5 जुलाई 2024 को जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई है।

हाई कोर्ट ने ऑनलाइन फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 24 जनवरी 2025 होने के आधार पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को ऑनलाइन फॉर्म जमा करने की तारीख एक महीने तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। आयोग को अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत नहीं होने वाले उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन फॉर्म भरने की अनुमति देने को कहा है। हालांकि कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया में उम्मीदवारों की भागीदारी इस याचिका के अंतिम परिणाम के अधीन रखा है।

## एक नजर

### गौ मांस बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 23 जनवरी।** भिलाई गौ मांस बेचने वाले एक आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 19 जनवरी को प्रार्थी ने लिखित शिकायत की थी कि कृष्णा नगर हड्डी गोदाम में गौ मांस बिक्री हो रहा है। इस सूचना पर मौके पर जाकर आरोपी राज सोनी उर्फ राजेश के मकान से करीब दस किलो गौ मांस तथा दूसरे मकान से तीस किलो गौ मांस व पांच नग सिर तथा एक नग पैर की हड्डी व अब्बास कुरैशी के गोदाम से दस नग गौ खाल बरामद कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान सुपेला थाने पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर आरोपी राज सोनी (25 वर्ष) निवासी कृष्णा नगर को पकड़ा गया।

### चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 23 जनवरी।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रो गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है जामुल टीआई कपिल देव पांडेय ने बताया कि हाउसिंगबोर्ड जामुल निवासी श्याम सिंह चौधरी परिवार समेत त्यौहार मनाने अपने गांव रीवा गया था। पड़ोसी ने कॉल कर बताया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। गांव से वापस आकर देखने पर आलमारी का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम लेकर अज्ञात फरार हो गया था पुलिस की जांच में पता चला कि क्वाटर 2 अटल आवास घासीदास नगर जामुल निवासी सोनबाबू उर्फ अखिलेश मंडल फरार था आरोपी की पतासाजी कर उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया पूछताछ में पुलिस को आरोपी ने सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। चांदी का छल्ला कीमत 2000 रूपये पुलिस ने जब्त किया है आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया है आरोपी के खिलाफ चोरी के कई मामले दर्ज है।

### पत्नी पर हमला,पति गिरफ्तार



**भिलाई, 23 जनवरी।** भिलाई नेवई थाना अंतर्गत अपनी पत्नी पर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि शशि देवी शाह पति विरेन्द्र शाह (35 साल ) निवासी उमरपोटी रोड स्टेशन मरोदा थाना नेवई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थिया के पति विरेन्द्र शाह ने चरित्र पर शंका कर झगड़ा विवाद एवं मारपीट करता रहता था 23 दिसंबर को भी प्रार्थिया के पति विरेन्द्र शाह ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हत्या करने की नीयत से ईंट से प्रार्थिया के सिर में लगातार वारकर चोट पहुंचाकर भाग गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आने से इलाज के लिए जिला अस्पताल दुर्ग ले गये, जहां से रिफर करने पर श्री शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी में उच्च इलाज के लिए भर्ती कराये हैं। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया ।

### ताज दरबार में तकरीर और लंगर 27 को

**भिलाई, 23 जनवरी।** हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैहि का जन्मदिन 27 जनवरी सोमवार को ताज दरबार नानी अम्मा जीई रोड नगर निगम पानी टंकी के पास साक्षरता चौक के सामने मनाया जाएगा। हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति की ओर से इस मौके पर तकरीरी प्रोग्राम रखा गया है। जिसमें 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से औरतों के लिए तकरीर रखी गई है। सिमगा की शाहाना कादरी नूरी की कयादत में आलीमा फाजिला मोबीन ताजी और आलीमा फाजिला चांदनी ताजी की तकरीर होगी। इसके बाद शाम 6:00 बजे से फातिहा ख्वानी और आम लंगर होगा।

### भिलाई में लेजर शो एवं सुदेश भोंसले नाइट का आयोजन

**भिलाई, 23 जनवरी।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निर्माण काल की गौरव गाथा को दर्शाने के लिए, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा लेजर शो और प्रसिद्ध पार्श्व गायक सुदेश भोंसले की संगीतमय संध्या का आयोजन किया जा रहा है। 24 जनवरी को सेल अपना स्थापना मनाएगा। इस अवसर पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में क्रीडा, सांस्कृतिक व नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा सेल गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर 23 जनवरी को यह लेज़र शो एवं सुदेश भोंसले नाईट का आयोजन भिलाई क्लब के रॉयल क्रिस्टल गार्डन में संध्या 7 बजे से किया जायेगा।


### सेल स्थापना दिवस पर 24 जनवरी को पैदल चाल व दौड़ का आयोजन

**भिलाई, 23 जनवरी।** भारत की इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड- सेल के स्थापना दिवस (24 जनवरी) को सेल की सभी इकाइयों में वृहद रूप से मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में 24 जनवरी 2025 को भिलाई इस्पात संयंत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन प्रातः 8 बजे से किया जा रहा है।

# कृषि मंत्री ने विधायक के प्रस्ताव पर दी पौने 3 करोड़ की स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भिलाई, 23 जनवरी।** नव वर्ष पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर 2 करोड़ 78 लाख के विकास कार्यों को 10 जनवरी को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। आपको बता दें कि लगभग पौने 3 करोड़ रुपये की इस स्वीकृति से वैशाली नगर विधानसभा में पावर हाऊस और सुपेला सब्जी मंडी, गोकुलधाम व कुरूद बस्ती, ढांचा भवन कुरूद बाजार, हाउसिंग बोर्ड मार्केट, कालीबाड़ी हाउसिंग बोर्ड, लक्ष्मी नगर सुपेला मार्केट, वैशाली नगर गोल मार्केट, जवाहर नगर क्षेत्र में सीसी रोड, नाली, डोम शेड और सामुदायिक भवन जैसे विकास कार्य होंगे। सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत सभी मार्केट में सीसी रोड, नाली की समस्या लंबे समय से थी, विधायक बनने के बाद उन्होंने शहर के सभी बाजारों को व्यवस्थित करने कार्य योजना बना कर विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव पत्र प्रेषित किये थे। हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के संभागीय कार्यालय से 2 करोड़ 78 लाख के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। उन्होंने संभावना जताई है कि आने वाले अप्रैल महीने से सभी कार्य शुरू हो जाएंगे। इन कार्यों से पावर हाऊस, सुपेला, हाउसिंग बोर्ड, कुरूद, वैशाली नगर, जवाहर नगर में लगने वाले बाजारों में सड़क नाली की व्यवस्था दुरुस्त होने से बाजार पहुंचने वाले लोगों को सहुलियत होगी, साथ ही सब्जी बाजार में चबूतरा पर व्यवसाय करने वाले लोगों को बाजार को साफ सुथरा बनाए रखना भी संभव होगा।

## ब्लड कलेक्शन सेंटर के सामने नाली पर बने यूरिनल को निगम ने ढहाया



**रिसाली।** वार्ड 13 टंकी मरोदा में नाली पर हो रहे अतिक्रमण को निगम कर्मियों ने ढहा दिया। नाली पर ईंट सीमेंट से यूरिनल बनाया जा रहा था। निर्माण कार्य ब्लड कलेक्शन सेंटर के संचालन द्वारा कराया जा रहा था। नगर पालिक निगम के अधिकारियों को शिकायत मिली थी कि सार्वजनिक नाली के ऊपर निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य से नाली की नियमित सफाई कार्य प्रभावित होगा। शिकायत जांच में पाया गया कि निर्माण कार्य ब्लड कलेक्शन सेंटर द्वारा किया जा रहा है।

इसके बाद निर्माणाधीन यूरिनल को ढहा दिया गया। कार्रवाई टीम में राजस्व विभाग प्रभारी मंगल कुर्रे, टेकराम, डिलेश्वर साहू, रोहित साहू आदि शामिल थे।

## धनोरा में 4 फरवरी से श्रीहनुमंत और श्रीराम कथा की बहेगी अविरल धारा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 23 जनवरी।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 65 वर्षों से श्री मदभागवत कथा एवं दो वर्ष से श्री राम कथा का आयोजन होते आ रहा है इस वर्ष यह आयोजन श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा एवं श्री शत् चंडी यज्ञ का आयोजन होना है श्री लक्ष्मण बाबा जी ने कहा कि श्री राम कथा भौतिक जीवन में शांति और आनंद प्राप्ति दुख दर्द संकट दूर के उद्देश्य से श्री राम जी की कृपा से आयोजन किया जा रहा है श्री राम कथा ही नहीं बल्कि यह जीवन संबंधित ज्ञान भंडार है राम चरित कथा यह जो हमें प्रेरणा देती है और यदि हम उनकी बातों को मानते हैं तो वह हमारे जीवन आसान बनाने का काम करती है कौन किसको पुछता है मतलब के अलावा पेड़ जब सुख जाते हैं तो उसपर परिंदे भी बसेरा नहीं करते अनुभव उम्र से नहीं परिस्थितियों का सामना करने से आता है धैर्य वह गुण है जो हर तुफान के बाद भी स्थिर खड़ा रहने की ताकत देता है अगर आप खुद मजबुत है तो असफल आपका कुछ नहीं बिगड़ा सकती आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि माघी पुननी मेला के पावन पर्व पर 4 फरवरी से 7 फरवरी तक श्री हनुमंत कथा श्री पंडित दीपक पाण्डेय जी के मुखारविंद से एवं श्री राम कथा वाचक अनंत विभूषित हनुमंत दार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्र चार्य महाराज चित्र कुट धाम उत्तर प्रदेश के मुखारविंद से शत् चंडी यज्ञ विद्वान पंडितों के द्वारा सुबह 8 बजे से 12 बजे तक कथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक एवं हर रोज शाम को आरती के बाद प्रसाद वितरण 10 फरवरी को रात्रि 7 बजे से 11 बजे तक छत्तीसगढ़ के मशहूर मानस मंडली श्री राम दरबार चीतमखार के मंडली के द्वारा मानस गान एवं 12 फरवरी माघी पुननी मेला मंड ई एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम 10 बजे से राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत की प्रस्तुति 12 फरवरी को श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के द्वारा भंडारा प्रसाद वितरण जाए गा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा में डुबकी लगाकर अपने जीवन को कृतार्थ करने का यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं श्री कुंज लाल साहू जी ने दी ।

## पीएम जनमन योजना से आदिवासी क्षेत्र में सड़क निर्माण में आ रही तेजी

**भिलाई, 23 जनवरी।** प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके तहत जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ ग्रामीण इलाकों को मिल रहा है। सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी का काम तेजी के साथ चल रहा है। इस योजना से जुड़े अभियंता नारायण साहू ने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत दुर्ग सहित कवर्धा खैरागढ़ में तेज गति से काम चल रहा है। साहू ने बताया कि पीआईयू, खैरागढ़ में स्वीकृत कार्यों की संख्या 13 है जिसमें सड़क की लम्बाई 33.425 राशि 1979.516 एवं पीआईयू, कवर्धा में स्वीकृत कार्यों की संख्या 76 है, जिसमें सड़क की लम्बाई 275.10 राशि 17660.55 रु. है। उन्होंने बताया कि पीएमजीएसवाय ग्रामीण सड़क योजना के तहत बेहतर कार्य किया जा रहा है। इससे आदिवासी इलाकों के नागरिकों के जीवन की रफ़्तार तेज हो गई है। उक्त क्षेत्रों के लोग जंगली रास्तों से होकर अपनी जीवनचर्या में व्यस्त रहते थे। शाम के बाद से इन सड़कों से गुजरना कठिन होता है । जंगल के रास्ते पर कई वन्य जीव से गांव व टोले भयभीत रहते थे। इन्ही कच्ची पगडंडियों से ही माध?यमिक व हाईस्कूल के बच्चे, रोगी और राशन लाने के लिए नागरिक गुजरते हैं। पीएम जनमन योजना से सड़क निर्माण में तेजी आएगी।



## समाचार संक्षेप

### प्रथम दिन में अध्यक्ष पद के लिए 5 और पार्षद पद के लिए 19 नाम निर्देश पत्र खरीदे गए



**कवर्धा, 23 जनवरी।** कबीरधाम जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आज अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए नाम निर्देश पत्रों की बिक्री जारी रही। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि कबीरधाम जिले के सात नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देश फार्म विक्रय तथा जमा करने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। आज जिले के सात नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए 5 और पार्षद पद के लिए 19 पत्रों का विक्रय हुआ है। हालांकि, आज एक भी नाम निर्देश पत्र जमा नहीं किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि पिपरिया नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 1 आवेदन पत्र जबकि कवर्धा नगर पालिका में अध्यक्ष पद हेतु 4 आवेदन पत्र विक्रय किए गए। इसी प्रकार, पार्षद पद के लिए पंडरिया नगर पालिका में 2, पांड़ातराई नगर पंचायत में 1, इंदौरी नगर पंचायत में 1, पिपरिया नगर पंचायत में 2 और कवर्धा नगर पालिका में 13 आवेदन पत्रों का विक्रय हुआ है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, और आगामी दिनों में आवेदन पत्रों के जमा होने की संख्या बढ़ने की संभावना है। सभी गतिविधियां निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के अनुसार संचालित हो रही हैं।

### लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर पेट्रोलिंग होती रहेगी: विमल



**कवर्धा, 23 जनवरी।** पोड़ी पुलिस चौकी के नए प्रभारी विमल लावनिया ने चर्चा करते हुए कहा की आदर्श चुनाव संहिता लागू हो चुकी है और सभी लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर पेट्रोलिंग होती रहेगी । अवैध शराब बिक्री ओर सट्टा पर भी कारवाई हमेशा होगी । आसाजमिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी । पोड़ी गांव में अच्छे ओर शांतिपूर्ण चुनाव हो जिस पर हमेशा फोकस रहेगा । पौड़ी पुलिस चौकी में बेहतर स्वच्छता दिखी ।



### जिला कलेक्टर कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र खरीदने वालो का तांता

**कवर्धा।** लेखापाल अशोक कुमार सोनकर और क्लर्क अब्दुल खान ने बताया की बताया की वार्ड 19 ,वार्ड 24 ओर वार्ड 25 , वार्ड 18 के लिए पार्षद नामांकन फार्म की बिक्री हुई है और नगर अध्यक्ष के लिए अजय पाली ने फार्म खरीदा है । जिला कलेक्टर कार्यालय में शांति पूर्ण माहौल दिखा ।

### नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**जगदलपुर, 23 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत बस्तर जिले के लिए वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय आयुक्त वाणिज्यिक कर छत्तीसगढ़ श्री दुर्योधन महानन्द मोबाईल नम्बर 90271-55547 को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये जाने के फलस्वरूप नाम निर्दिष्ट प्रेक्षक की व्यवस्था एवं समन्वय हेतु उप अभियंता नगर पालिक निगम जगदलपुर श्री अमर सिंह मोबाइल नंबर 94255-95846 को लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

## फोन कर प्राप्त करें हर जानकारी,निगम कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं



भिलाई, 23 जनवरी। नगर पालिक निगम भिलाई में पूछताछ काउंटर खुला हुआ है। नागरिको को नगर निगम भिलाई से संबंधित संपत्तिकर, जलकर, भू-भाटक, लीज नवीनीकरण, फ्री-होल्ड, गुमशता लाईसेंस, ट्रेड लाईसेंस, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लोक सेवा गारंटी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी अजीविका मिशन, साफ-सफाई इत्यादि कार्यो के लिए नगर निगम भिलाई कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त करनी पड़ती है। एक बार आकर जानकारी प्राप्त करते है, उसके बाद फिर वापस जाते है और संबंधित दस्तावेज एकत्रित करते है। फिर निगम कार्यालय आना पड़ता है। इन सब कार्यो के पूछताछ एवं जानकारी प्राप्त करते है कि किस कार्य के लिए क्या-क्या दस्तावेज की आवश्यकता है। आदि संपूर्ण जानकारी पूछताछ काउंटर पर फोन करके प्राप्त की जा सकती है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय बीच-बीच में काउंटर पर जाकर जानकारी स्वयं लेते हैं। इसी प्रकार घर बैठे-बैठे बिना निगम कार्यालय आए अपना काम करवाने के लिए शासन द्वारा बहुत ही उपयोगी मोर संगवारी योजना चलाया जा रहा है। जिसमें 14545 में कॉल करके मोर संगवारी को आप घर बुलाया जा सकते है। वह आपके घर बैठे-बैठे सभी प्रमाण पत्र प्रदान कर देगा, उसका घर पहुंच सेवा की किमत मात्र 50 रूपये है। इसमें भी जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यू प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, गुमशता लाईसेंस, ट्रेड लाईसेस, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मजदूर कार्ड, निवासी प्रमाण पत्र, इत्यादि इसको बनाने के लिए आवश्यक दस्ताावेज वह घर आके प्राप्त करेगा और घर बैठे-बैठे सुविधा देगा, कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। यह सभी विघार्थियो, युवाओ, बड़े बुर्जुगो के लिए बहुत ही उपयोगी शिद्ध हो रहा है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि शासन की दोनो सुविधा का नागरिक उपयोग करे। इससे उनके समय एवं ईंधन की बचत होगी।

### ■ कोल,खदान और इस्पात संबंधी स्थायी संसदीय समिति ने बीएसपी की मुख्य इकाइयों का दौरा किया

## पीएसयू के ग्रीन फील्ड व ब्राउन फील्ड परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा की



**भिलाई, 23 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के अध्ययन दौरे पर 22 जनवरी को कोल, खदान और इस्पात सम्बंधी स्थायी संसदीय समिति भिलाई पहुंची। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के इस्पात भवन में संसदीय समिति के आगमन पर, सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश और सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने उनका स्वागत किया। शुरुआत इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित एक बैठक से हुई, जिसमें समिति के सदस्यों ने सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, सेल के वरिष्ठ अधिकारियों और सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में पीएसयू के ग्रीन फील्ड और ब्राउन फील्ड परियोजनाओं की स्थिति पर अनौपचारिक चर्चा की। इसके बाद समिति के सदस्य संयंत्र की विभिन्न उत्पादन इकाइयों का दौरा करने के लिए प्रस्थान किया। समिति ने भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य इकाईयों का दौरा किया और इस्पात निर्माण की प्रक्रिया में विशेष रूचि दिखाई। संयंत्र भ्रमण के दौरान, समिति ने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन और यूनिवर्सल रेल मिल में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल की रोलिंग प्रक्रिया को नजदीक से देखा और वहां के उत्पादन प्रणाली से अवगत हुए। इस दौरान, समिति के सदस्यों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के अत्याधुनिक तकनीकी संचालन का जायजा लिया और उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन किया। समिति के सदस्यों ने संयंत्र के कार्यों और उत्पादों को विस्तार से समझने के बाद भिलाई निवास के लिए प्रस्थान किया।

### ट्रैक्टर और ट्रक में अवैध परिवहन करते 975 कट्टा अवैध धान जब्त

**महासमुंद, 23 जनवरी ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अवैध धान खरीदी, परिवहन व भंडारण पर खाद्य विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में गढ़फुलझर और सराईपाली के बीच संयुक्त टीम द्वारा रात्रि में धान की अवैध परिवहन करते एक ट्रेक्टर और ट्रक को पकड़ा गया। जिसमें क्रमशः 100 कट्टा धान और 875 बोरे धान ले जाते हुए पकड़े गए।

मिली जानकारी के अनुसार चिमरकेल इलाके में जांच के दौरान टीम द्वारा दोनों वाहनों को रोककर दस्तावेज मांगे गए। जांच में पाया गया कि ट्रेक्टर में लदा 100 कट्टा धान पूरी तरह से बिना दस्तावेज के था। वहीं ट्रक में लदे 875 बोरे धान गढ़फुलझर समिति से बरौली के रियांस राइस मील के लिए जारी डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) के नाम पर धान का उठाव किया गया था। लेकिन, इसे बरौली के बजाय सराईपाली की ओर ले जाया जा रहा था। जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। दोनों वाहनों को तुरंत जप्त कर लिया गया है और अवैध धान के मालिकों से दस्तावेजों की पुष्टि और जांच शुरू कर दी है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए इस बार होगा त्रिकोणीय मुकाबला

## दोनों पार्टी से दर्जनों उम्मीदवार, किसी एक पर मुहर बहुत जल्द,चुनाव का बिगुल बज गया अब इंतजार है टिकट की घोषणा का


तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया।** नगरी निकाय का चुनाव हेतु तिथि की घोषणा होने के बाद अब आम जनता एवं दावेदारों को टिकट की घोषणा का इंतजार है। वहीं छुरिया नगर पंचायत के अध्यक्ष पद हेतु दोनों पार्टी से दर्जनों उम्मीदवारों की दावेदारी से दोनों पार्टी को टिकट फाइनल करने में भारी माथा पच्ची करना पड़ सकता है, वहीं इस बार तीसरा मोर्चा हमार राज पार्टी भी अपना प्रत्याशी उतार रहा है ।

बताया जाता है कि कांग्रेस से अध्यक्ष पद के लिए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश पटेल की प्रबल दावेदारी दिख रही है। कयास लगाया जा रहा है कि पूर्व अध्यक्ष रहे सतीश पटेल निर्विवाद रूप से अपना कार्यकाल 2009 से 2014 तक का निर्वहन किया है। आम जनता इनके कार्यकाल से संतुष्ट थे ।वही सतीश पटेल विधायक भोलाराम साहू का खासमखास और करीबी माने जाते हैं ।इसलिए इनका टिकट मिलने की संभावना ज्यादा है ।वहीं आशीर्वाद ट्रांसपोर्ट के मालिक सुभाष यादव भी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी किए हैं इनकी भी प्रभाव छुरिया में देखने को मिलता है ।प्रकाश यादव पूर्व विधायक के अनुज भी हैं ,धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में इनका सक्रिय योगदान रहता है ।समाज सेवा हमेशा करते रहते हैं इनका स्वभाव हंसमुख है और ये मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है। कांग्रेस प्रत्याशी बनती है तो निश्चित ही अच्छा परिणाम आ सकता है। वहीं तीसरा नए उभरते सितारे कांग्रेस के युवा नेता भोजवानी साहू है जो छुरिया मे भोजवानी ऑनलाइन सेंटर का संचालक है। इन्होंने बहुत ही कम समय में छुरिया में अपना अस्तित्व बनाया है ।समूह के लोगों का फ्री में संगठित व असंगठित श्रम कार्ड ,पैन कार्ड ,युवाओं का ड्राइविंग लाइसेंस साथ में फ्री हेलमेट का वितरण ,जगह-जगह खेलों में सहभागिता व धार्मिक कार्यक्रमों में अपना योगदान देते रहते हैं। यदि भोजवानी साहू को नगर पंचायत अध्यक्ष का टिकट मिलता है तो मुकाबला रोचक होगा इन तीन दावेदारों के अलावा तरुण सिन्हा ,रितेश जैन ,सलमान खान, राधेश्याम ठाकुर ,एवं अन्य दावेदार है।









भाजपा में भी दर्जनों नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी किए हैं। जिसमें से तीन लोगों का प्रबल दावेदारी दिख रही है और इन्हीं तीनों में टिकिट फाइनल होगा। सबसे पहला अजय पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष व पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं तथा पार्टी के छोटे-बड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी रहता है ।पार्टी इनको टिकट देती है तो निश्चित ही 15 साल का सूखा में हरियाली ला सकता है। वही दूसरा सुरेंद्र सिंह भाटिया रोमी जो पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष रह चुके हैं तथा नगर में उनकी जनता में अच्छी पकड़ मानी जाती है। ग्राम पंचायत के समय से सरपंच उप सरपंच का जिम्मेदारी का निर्वहन भी कर चुके हैं ।अभी वर्तमान में सांसद प्रतिनिधि नगर पंचायत छुरिया है।पार्टी इनको टिकट देती है तो निश्चित ही भाजपा का अध्यक्ष बनेगा वहीं तीसरा और सशक्त दावेदार राधेश्याम शर्मा है। वर्तमान में जिला मीडिया प्रभारी व पूर्व में संगठन के कई जिम्मेदारी निभा चुके हैं ।दो बार का महामंत्री युवा मोर्चा जन संघ का सदस्य भी है। पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता है इन पर भाजपा दाव लगाती है तो निश्चित ही विजयश्री हासिल होगा। इसके अलावा भी कई दावेदारों ने टिकट की मांग की है जिसमें सतवंत सिंह भाटिया ,काजल जैन, रमेश कश्यप ,आमिर खान, सीमा सिन्हा ,स्वप्निल पटेल ,संगीता यादव, चंद्रशेखर यादव ,द्रौपदी उइके आदि वहीं तीसरा मोर्चा हमार राज पार्टी से मनभावन सिंह उईके,नगर अध्यक्ष के पद के लिए ताल ठोका है और उनका टिकट लगभग तय है ।मिली जानकारी के अनुसार मनभावन सिंह पहले भाजपा से पूर्व पार्षद रह चुके हैं और वह जन सेवा के लिए जाने माने जाते हैं ।उनका चुनाव समर में उतरने से त्रिकोणी मुकाबला देखने को मिलेगा । मनभावन सिंह उईके में क्षमता है कि वह दोनों पार्टी बीजेपी कांग्रेस के प्रत्याशी को टक्कर दे सकता है ।माना जा रहा है मनभावन सिंह के छुरिया नगर के तासीर को अच्छे तरीके से समझते व जानते हैं। इसलिए वह इस चुनाव को बहुत ही अच्छे तरीके से लड़ने और मुकाबला देने के मूड में दिख रहे हैं।

बहरहाल अब देखना है कि दोनों पार्टी किसको अपना प्रत्याशी बनाती है। इस बार दोनों पार्टियों को टिकट का चयन करने में बहुत ही कशमकश की स्थिति से गुजरना पड़ेगा क्योंकि दोनों दलों से अच्छे अच्छे उम्मीदवार की दावेदारी है। टिकट किन्ही एक को मिलना है ।इसके बाद मान मनव्वल का खेल शुरू होगा ।निश्चित ही दावेदारों में बगावत की स्थिति निर्मित होगी उस समय दोनों पार्टी को बागियों को मनाने में पसीना छूटेगा। विदित हो कि चुनाव आयोग द्वारा 22 जनवरी से 28 जनवरी तक नामांकन जमा करना व 29 और 30 जनवरी को आवेदन की छटनी का कार्यक्रम व 31 दिसंबर को नाम वापसी का तारीख है ।वही 11 फरवरी को मतदान और 15 फरवरी को मतगणना व परिणाम की घोषणा की तारीख निश्चित की गई है।

---

**एक नजर**

### संपति विरूपण, निगम की टीम ने राजनीतिक दलों के 57 बैनर पोस्टर हटाए, 35 दीवार लेखन मिटाये

**राजनांदगांव ,23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 चुनाव के लिये जारी कार्यक्रम प्रभात नगर निगम का अमला संपत्ति विरूपण के तहत बेनर पोस्टर हटाने एवं दीवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही लगातार कर रहा है। कार्यवाही की कड़ी मे आज शहर के अंदर वार्ड के अलावा ग्रामीण वार्डो में जाकर टीम ने 57 बेनर पोस्टर हटा 35 दीवाल लेखन मिटाये। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लगते ही निगम सीमाक्षेत्र सम्पत्ति विरूपण के तहत प्रभावशील कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज तीसरे दिन सुबह से शहर के आंतरिक क्षेत्र गुरुद्वारा रोड, जमात पारा, सोनार पारा, दिग्विजय कालेज रोड, ब्राम्हण पारा तथा गंज लाईन व कालोनी क्षेत्र में पूनम कालोनी सहित ग्रामीण वार्ड नवागांव, ढाबा, मोतीपुर में राजनीतिक दलों द्वारा लगाये गये छोटे बड़े बेनर पोस्टर हटाने की कड़ी में टीम ने 57 बोर्ड हटाये एवं 35 दीवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही की गई। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि गठित समिति नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के दौरान राजनीतिक दलो, उम्मीदवारों द्वारा अपनी पार्टी स्वयं के प्रचार प्रसार हेतु शासकीय, निजी, सार्वजनिक भवनों के दीवालों पर नारे (स्लोगन) प्रतीक चुनाव चिन्ह लिखकर किये गये सम्पत्ति विरूपण के निरीक्षण एवं विरूपण को हटाने मिटाने से संबंधित कार्यो का निस्पादन करने तथा प्रतिदिन की गयी कार्यवाही की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित कर रहे है।

### आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद क्षेत्र में घूमते 3 संदिग्ध गिरफ्तार

**डोंगरगांव,23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्रीमान दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार




श्रीवास के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव क्षेत्र में आगामी चुनाव में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने पर बाहरी व्यक्तियों एवं संदिग्ध रूप से घूमने वालों पर धारा 128 ड्ठ्ठह्यह्य की कार्यवाही कर ह्यस्रद्व महोदय के समक्ष पेश किया गया जिन्हें जेल भेजा गया दिनांक 22/1/25 को मोबाइल से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति जो बाहरी प्रतीत होते हैं उनके द्वारा एनजीओ को दान देने के नाम पर पैसे लिए जाने का प्रयास किया जा रहा है सूचना तस्दीक करने पर गोल-मोल जवाब देने लगे संदिग्ध आरक्षण पाए जाने एनजीओ के कार्य क्षेत्र से बाहर कार्य करने संदिग्ध गतिविधियां परिलक्षित होने पर थाने में बिना मुसाफिर दर्ज कारण संदिग्ध रूप से घूमने पर धारा 128 bnss की कार्वाई की गई। जिनके नाम आरोपी गण 1. देवदास दम बारस्कर उम्र 47 वर्ष निवासी पोस्ट खापा तहसील मोहाली थाना कुमारसर जिला भंडारा 2. बिजेंद्र कुमार पिता ईश्वर साहू उम्र 31 वर्ष निवासी समदा कॉलोनी थानाबसंतपुर 3. मनीष रंगारी पिता शंकर लाल रंगदारी उम्र 39 निवासी बजरंगपुर चिकली थाना कोतवाली राजनांदगांव ज्ञात हुआ। आरोपियों के विरुद्ध धारा 128 ड्ठ्ठह्यह्य की कार्वाई कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपियों को भेजा गया जेल थाना क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूमने पर थाना डोंगरगांव की कार्यवाही उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, उप निरीक्षक लाभाराम साहू महिला प्रधान आरक्षक कल्पना अम्बादे का विशेष योगदान रहा है।

### अवैध शराब बिक्री करने वाले पर कार्रवाई

**राजनांदगांव,23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे दिनांक 21.01.2025 को रात्रि मे पुख्ता सूचना के आधार पर दीनदयाल नगर बिहारी मोहल्ला चिखली मे अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी रितेश उर्फ गोलू रजक पिता महादेव रजक उम्र 33 साल साकिन पुराना ढाबा थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के कब्जे से 21 पौवा सुपर जिप्सी फाईन व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल 3780 एमएल कीमती 2730 रूपये एवं बिक्री रकम 200 रूपये को जप्त किया गया आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया । मौके पर घर परिवार और पुलिस द्वारा समझाने पर और आक्रोषित होने लगा संज्ञेय अपराध की आषंका पर बदमाष 01. छोटू उर्फ ईष्वर लाल पिता राधेलाल महार उम्र 28 साल, 02. लालाराम धनकर पिता राधेलाल धनकर उम्र 32 साल, 03. दादू उर्फ रूपेन्द्र पिता देवसिंग उम्र 27 साल तीनो साकिनान ग्राम बोईरडीह पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. को धारा 170, 126,135(3) बीएनएसएस के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायलय मे पेष किया गया ।

---

# बस्तर टूर दुर्घटना मामले जांच टीम गठित

- तीन सदस्यीय टीम करेगी विभागीय जांच
- तीन शिक्षक एक शिक्षिका के खिलाफ होगी विभागीय जांच

**मोहला,23 जनवरी।** मोहला विकासखंड के केंवटटोला से बस्तर टूर में गए शिक्षक शिक्षिका पर लापरवाही और बिना परमिशन के टूर में जाने वाले पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच टीम गठित किया है। शनिवार रात्रि केंवटटोला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक और शिक्षक शिक्षिका लगभग पचास बच्चों को लेकर बस्तर भ्रमण में लेकर गए थे,बच्चों को चित्रकूट,तीरथगढ़,दंतेवाड़ा,बारसूर लेकर वापसी के दौरान कोंडागांव के नया बस स्टैंड के पास बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई थी जिसमें एक शिक्षक राजकुमार भुआर्य और बस ड्राइवर की मौके मौत हो गई थी साथी बारह बच्चों को चोटें आई थी जिनमे




तीन बच्चों को गंभीर अवस्था मे रायपुर मेकाहारा में बेहतर इलाज ले लिए रिफर किया गया था । बीस तारीख को विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने चारों शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और तीन दिवस के भीतर अपना पक्ष रख जवाब मांगा गया है ।

**जांच के लिए तीन सदस्यीय तीन हुई गठित**-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केंवटटोला के स्कूली बच्चों को टूर में लेकर जाने वाले शिक्षक शिक्षिका पर विभाग लापरवाही बरतने वाले को नोटिस देकर जवाब मांगा है, बिना सक्षम अधिकारी के बस्तर टूर में ले जाकर बच्चों की जान जोखिम में डालना और एक शिक्षक की मौत पर जांच टीम गठित किया गया है । जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच अधिकारी नियुक्त किया है जिनमे एसके धीवर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अम्बागढ़ चौकी,एनके निरापुरे प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल कोराचा और रूपेश तिवारी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिंघाभेड़ी को जांच की जिम्मेदारी दी गई है । वही जांच कर पाँच दिनों के भीतर जांच कर प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करना है ।

**एक प्रधानपाठक,शिक्षिका और दो शिक्षकों पर होगी जांच**-बिना सक्षम अधिकारी के बस्तर टूर में लेकर जाने वाले लापरवाह शिक्षकों पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी करेगी जिनमे केंवटटोला प्रधानपाठक भीमराव बारसागढ़े, दिलीप गोरे शिक्षक एलबी,कोकिला मण्डावी शिक्षक एलबी,बलवंत हिरवानी शामिल है । मासूमो की जान जोखिम में डालने और एक शिक्षक की मौत पर जांच क्या फैसला आएगा ये जांच के बाद पता चलेगा।

---

### खबर का असर, डोंगरगांव तहसीलदार ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# 4 ट्रैक्टर जब्त कर थाने के सुपुर्द किया

**डोंगरगांव,23 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

खबर का असर लगातार अवैध रेत उत्खनन के खबरो को प्रमुखता से हमारे द्वारा छापा जा रहा था जिसपे कार्यवाही करते हुए डोंगरगांव तहसीलदार पी. एल.नाग द्वारा ऑन द स्पॉट 4 ट्रैक्टरो पर जब्ती कार्यवाही की गयी। मिली जानकारी अनुसार लगातार डोंगरगांव के करियाटोला वार्ड से कोहका ढाबा के पास अवैध रेत निकासी एवं परिवहन की खबरे मिल रही थी जिसका प्रमुखता से अखबारों के माध्यम से प्रकाशन भी किया जा रहा था। इसी कड़ी में बुधवार सुबह भी तहसीलदार जी को खबर मिली की कोहका ढाबा के पास फिर से अवैध रेत माफिया द्वारा रेत निकासी एवं परिवहन कि जा रही है जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए तहसीलदार नाग के मार्गदर्शन मे कौशल कुमार सिन्हा राजस्व निरीक्षक एवं वीरेंद्र साहू हल्का पटवारी द्वारा कार्यवाही कर 4 ट्रैक्टरो पर जब्ती की गयी जिसे जब्त कर पुलिस थाना डोंगरगांव मे सुपुर्द किया गया जब्ती कार्यवाही मे ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सी जी 08 ए एक्स 4660 चालक हिमांचल वर्मा आ. नरेश वर्मा निवासी पथर्री, साथ ही 3 अन्य सोल्ड ट्रैक्टर जिसके




चालक क्रमशः छगन लाल देवांगन आ.आनंद राम करियाटोला, मोनेश कुमार पिता तीरथ दास निवासी पाण्डुका एवं सोमेश्वर पिता कपिल साहू निवासी पाण्डुका की गाड़िया जब्त की गयी। तहसीलदार नाग के मार्ग दर्शन मे की गयी जब्ती कार्यवाही से रेत माफियाओ मे हड़कंप मचा हुआ है।

---

# जनपद व सरपंच चुनाव में जीत के लिए की मंत्रणा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**डोंगरगढ़ ,23 जनवरी।** जनपद,जिला पंचायत व सरपंच चुनाव के लिए भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करना शुरू कर दिया है और भाजपा प्रत्याशी की हर गांव में जीत के लिए बैठक लेकर प्रत्याशी चयन का दौर जारी है. इसी कड़ी में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत देवकट्टा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सहित चुनाव में हिस्सा लेने व आवेदन देने वाले जनपद सदस्य, जिला पंचायत व सरपंच प्रत्याशी शामिल हुए. बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में भाजपा को जीत दिलाने संकल्प लिया. इस अवसर पर भाजपा नेता रवि अग्रवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष किरण अमर साहू, कचरू हिरवानी, छबिल साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष उपकार साहू,जैन कुमार मेश्राम, लखन जंघेल सरपंच प्रतिनिधि पूरन वर्मा,उत्तम चौरे,नामदेव साहू शांति यादव, बरमचंद वर्मा,जीवन वर्मा सहित भाजपाई कार्यकर्ता उपस्थित थे.



---

# आयुक्त एवं अधिकारियों के साथ कलेक्टर वार्ड निरीक्षण में पहुंचे नवागांव

**राजनांदगांव ,23 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कलेक्टर एवं प्रशासक श्री संजय अग्रवाल आज निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा एवं तकनीकी अधिकारियों के साथ नवागांव वार्ड का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था की जानकारी लिए। उन्होने ग्रीष्म ऋतु के पूर्व कम पानी आने वाले क्षेत्र में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। नवागांव में पानी टंकी का निरीक्षण कर लिकेज देख कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि टंकी लिकेज की मरम्मत करने कहा एवं नवागांव क्षेत्र में पर्याप्त पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने मोतीपुर पुराना ढाबा के कुछ क्षेत्रों में कम पानी आने की समस्या के संबंध में जानकारी लिये। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके ने बताया कि उक्त क्षेत्र उंचाई में होने के कारण पानी सप्लाई कम होती है। इसके लिए नये पाईप लाईन डालने स्टीमेट बनाकर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। पाईप लाईन डलने



से पर्याप्त पानी सप्लाई हो जायेगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि स्टेशन पारा तथा मोहारा वार्ड सहित कई इलाकों में पानी कम आने की शिकायत प्राप्त होती है। ग्रीष्म ऋतु के पूर्व इसका निराकरण करें, इसके लिए सिन्टेक्स टंकी रखने की व्यवस्था करें। उन्होने कहा कि जिन क्षेत्रों में गर्मी के समय पानी की समस्या होती है वहां परीक्षण कर पूर्व से ही सिन्टेक्स टंकी से पानी देने की व्यवस्था करने कार्यवाही करने कहा। उन्होने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के पूर्व ही समुचित पेयजल सप्लाई के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। कम पानी आने संबंधी शिकायत को ध्यान में रखकर आयुक्त श्री विश्वकर्मा नया ढाबा पहुंचे। उन्होने मुक्तिधाम के पास सिन्टेक्स टंकी की जांच किये और उसके आसपास के रहवासियों से पेयजल के संबंध में चर्चा किये। नया ढाबा में पर्याप्त पानी नहीं आने की शिकायत पर पाईप लाईन की जांच करने सिन्टेक्स टंकी के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश उप अभियंता श्री अनुप पांडे को दिये। उन्होने कहा कि कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पानी की समस्या वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिए व्यवस्था करें। निरीक्षण के दौरान जल विभाग का अमला उपस्थित था।

---

# घायल बच्चों का हाल जानने मेकाहारा पहुँचे डायरेक्टर, डीईओ और स्टॉफ

तरुण छत्तीसगढ़

**मोहला,23 जनवरी।** मोहला विकासखंड के केंवटटोला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के स्कूली बच्चों को बस्तर भ्रमण में लेकर गए बच्चों की बस लौटते वक्त कोंडागांव में हादसे का शिकार हो गई थी जिसमे एक शिक्षक सहित ड्राइवर की मौत हो गई थी वही तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे । गंभीर घायल बच्चों को कोंडागांव से रायपुर मेकाहारा में रिफर किया गया था । दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी बच्चों का हाल जानने रायपुर रवाना हुए थे,वही मोहला मानपुर चौकी जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम ने बताया कि अब बच्चों की हालात खतरे से बाहर



है वही लगातार जिला कलेक्टर तूलिका प्रजापति भी बच्चों के स्वास्थ्य का हाल जान रहे है । मेकाहारा पहुँचे डायरेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा लोक शिक्षण संचनालय रायपुर,उप संचालक डॉ.योगेश शिवहरे,सहायक संचालक अशोक कुमार बंजारे, संयुक्त संचालक (संभाग दुर्ग) आर एल ठाकुर, मोहला जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया,संजय देवांगन जूनियर रेडक्रास जिला संगठक मोहला मानपुर चौकी,वरिंदर पाल सिंह पीटीआई मोहला द्वारा बच्चों का हाल जाना और बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए । इस गंभीर दुर्घटना में कोंडागांव से बच्चों को सकुशल लाया जा चुका है, बच्चों को कोंडागांव से गोटाटोला प्राथमिक स्वास्थ्य में लाकर उपचार कर पालको के सपुर्द किया गया तथा तीन बच्चों को रायपुर मेकाहारा में इलाज चल रहा है जहाँ उनकी हालात खतरे से बाहर है साथ ही कलेक्टर एसपी लगातार जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर बच्चों की स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे है । जल्द ही बच्चों को मोहला लाया जाएगा और पालको के सपुर्द किया जाएगा ।

---

# सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए पदाधिकारी कार्य करें: अमरनाथ साहू

**डोंगरगाव,23 जनवरी।** विकासखंड के ग्राम बरसन टोला मे विधायक एवं पिछड़ावर्ग प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दलेश्वर साहू के द्वारा स्वीकृत साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री व तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू किया। इस अवसर पर तहसील सचिव धनराज साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक सुंदर लाल साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष डा के डी साहू, सचिव पुरुषोत्तम साहू बतौर विशेष अतिथी मौजूद रहे। मुख्य अतिथी की आसंदी से अमरनाथ साहू ने सामाजिक पदाधिकारियो से आव्हान किया कि सामाजिक बदलाव हेतु स्वयं मे बदलाव लाए, व एक सुसंस्कृत व संगठित समाज के पदाधिकारी होने के नाते सामाजिक समरसता बनाए रखने की पहल करे।

कार्यक्रम को धनराज साहू ने कविता के माध्यम से संबोधित करते हुए समाज के युवाओ को नशा व मोबाइल के दुरूपयोग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सुन्दर लाल साहू व केडी साहू ने भी संबोधित किया।इसके पूर्व ग्रामीणो ने सभी अतिथियो का अभिनंदन स्वागत व शाल श्रीफल से सम्मान किया।

---

# भाजपा से महापौर के लिए राजेंद्र की तगड़ी दावेदारी विपक्षियों में हड़कंप

**राजनांदगांव ,23 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिला भाजपा के महामंत्री राजेंद्र गोलछा महापौर पद के लिए मजबूत दावेदारी से कांग्रेस सहित अन्य विपक्षियों में खलबली मच गई है। इसी के साथ चौक चौराहो पर श्री गोलछा की नाम की अच्छी चर्चा होने लगी है। आम जनता से लेकर राजनीति के विद्वान भी इनके काफी लंबे राजनीतिक अनुभव की चर्चा चटकारे लेकर कर रहे हैं। विपक्षियों के जमघट में भी उनके नाम की चर्चा छिड़ने के साथ विकल्प तलाशा जा रहा है। वही राजेंद्र गोलछा छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, सांसद संतोष पांडे सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं के खास खासम खास है। 1975 - छात्र जीवन में आपातकाल के खिलाफ धरना प्रदर्शन में भागीदारी। 1978 - वार्ड चुनाव सक्रिय भागीदारी। 1980 - वार्ड अध्यक्ष, वार्ड में उपचुनाव श्री अशोक शर्मा जी को पार्टी में शामिल किए जाने तथा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद अध्यक्ष के रूप में विजय श्री दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका । 1993 - युवा मोर्चा अध्यक्ष। 1994- महामंत्री नगर भाजपा। 1995- राजनांदगांव नगर निगम बनाने के पश्चात प्रथम चुनाव में समूचे मध्यप्रदेश में भाजपा द्वारा जीते गए 2 नगर निगम में एक राजनांदगांव महापौर, उपमहापौर (भाजपा) पत्नी श्रीमति ममता गोलछा पार्षद निर्वाचित (महामंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका )। 2000 से 2010 - जिला कार्य कारिणी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य व्यापारी प्रकोष्ठ कमला कॉलेज जन भागीदारी में विधायक प्रतिनिधि के रूप में आदिवासी छात्रावास को प्रारंभ कराने एवं दो करोड़ की स्वीकृति एवं निर्माण पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका नगर निगम एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद )। 2010 - शहर भाजपा अध्यक्ष 2011 डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक शाला जनभागीदारी अध्यक्ष। शहर के सबसे पिछड़े एवं अवांछित तत्वों के लिए स्वर्ग के नाम से कुख्यात स्कूल को विकास की पटरी पर लाकर संवारने शिक्षा के स्तर को सुधारने एवं अपने अनुशासन के लिए समूचे छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका। 5000 स्क्वेयर फीट का शानदार आडिटोरियम। 42 लाख की लागत से सोलर लाइट सिस्टम। शानदार प्रशासनिक भवन। 2013 2013 से 2022 तक लगातार जिला भाजपा उपाध्यक्ष। 2022 जिला भाजपा महामंत्री। 2019 2019 के राज्य विधानसभा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह जी के चुनाव में चुनाव संचालक की भूमिका स्काउट गाइड के जिला कमीश्नर के रूप में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्यपाल महोदय द्वारा पुरस्कृत। वर्तमान में छत्तीसगढ़ स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत। राजनांदगांव जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष। महावीर इंटरनेशनल संस्था के सदस्य के रूप में 5/- रू में भरपेट भोजन योजना के प्रारंभ एवं सफल संचालन के लिए संस्था द्वारा सम्मान।




---

# लखोली वार्ड नं. 35 से मांगन दास साहू की प्रबल दावेदारी

**राजनांदगांव,23 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

लखोली वार्ड नंबर 35 अन्य पिछड़ा वर्ग घोषित होने पर मांगन दास साहू ने प्रबल दावेदारी की हैं। भारतीय जनता पार्टी के मांगन दास साहू लखोली वार्ड नंबर 35 के पूर्व पार्षद स्वर्गीय महेंद्र जैन और पूर्व पार्षद हेमराज साहू का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री साहू ने नगर निगम में कई विकास निर्माण कार्य करवाए हैं। जनहित के और भी अनेक कार्य उन्होंने समर्पित भाव से किए हैं। इससे वार्ड की जनता उनसे खुश है। वार्डवासी उन्हें भाजपा से सशक्त उम्मीदवार के रूप में देखते हुए उनसे बड़ी अपेक्षा रखे हुए हैं। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी को जिताने उनकी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय जनता पार्टी, लखोली बूथ पालक, बूथ क्रं. 63। अध्यक्ष श्री मुरलीधर कान्हा सेवा मंडली, लखोली। अध्यक्ष मंदिर युवा संगठन समिति, लखोली। संयोजक विश्व हिन्दु परिषद, लखोली वार्ड नं. 35। संयोजक फागुन फाग महोत्सव समिति, लखोली । पूर्व में लखोली वार्ड का भा.ज.पा. अध्यक्ष रह चुका हूँ। श्री महेन्द्र जैन जी एवं हेमराज साहू जी के पार्षद कार्यकाल में पार्षद प्रतिनिधि के रूप में वार्डवासियों का सेवा कारने का मौका मिला, उनके द्वारा करायें गये विकास कार्यों में भी मेरा भुमिका रहा है, लोकसभा व विधानसभा चुनाव में सक्रिय रूप से वार्ड वासियों से कार्यकर्ताओं सहित जन संपर्क कर भा.ज.पा. के पक्ष में मतदान करने हेतु प्रेरित कर मतदान कराने में सहयोग करना । धर्मिक व सामाजिक कार्यक्रमो में सदैव अपना सेवा प्रदान करना एवं दुःख, सुख के समय में भी सभी वर्गो का सहयोग करना मेरा स्वाभाव है, पूर्व में विगत 20 वर्षो से स्थानीय माँ शीतला मंदिर समिति, व कृषक संगठन समिति लखोली में सचिव के रूप मे अपना सेवा दे चुके है। अभी वर्तमान में होने वाले नगर पालिक निगम चुनाव में उन्होंने वार्ड नं. 35 लखोली से पार्षद पद हेतु भा.ज.पा. प्रत्याशी बानाने की मांग की है।



संपादकीय

## हौसला बुलंद हो तो मिलती है बड़ी सफलता

हौसले से सफलता मिलती है, हौसला बुलंद हो तो बड़ी सफलता मिलती है। हर क्षेत्र में बड़ी सफलता के लिए हौसला बुलंद रखना पड़ता है। यह कोई आसान काम नहीं होता है। इसके लिए जरूरी है कि जिसके नेतृत्व में बड़ी सफलता के लिए काम किया जा रहा है। वह नेतृत्व मजबूत हो, किसी असफलता से उसको निराशा न हो। कभी असफलता मिले तो टीम का हौसला वह बुलंद रख सके कि यह असफलता हमें बड़ी सफलता पाने से रोक नहीं सकती बल्कि एक असफलता से बड़ी सफलता का इरादा और मजबूत होता है। बड़ा लक्ष्य हो तो बड़ी सफलता जरूरी भी होती है क्योंकि छोटी छोटी सफलता से बड़े लक्ष्य को पाने में बहुत समय लगता है समय कम हो तो बड़े लक्ष्य को पाने के लिए बड़ी सफलता जरूरी हो जाती है। देश से नक्सलवाद का सफाया कोई छोटा लक्ष्य नहीं है। यह लक्ष्य गृहमंत्री को कई हुए लेकिन कोई तय नहीं कर सका था कि देश से नक्सलवाद का सफाया किया जाएगा। सब नक्सलियों से लड़ते रहे लेकिन नक्सलियों के सफाए की कल्पना किसी ने नहीं की। कोई सोच नहीं सका कि देश के नक्सलवाद का सफाया किया भी जा सकता है। ज्यादातर नेता कहते नहीं थे कि नक्सलवाद का सफाया संभव नहीं है लेकिन उनके नक्सलवाद से निपटने के तरीके से पता चलता था कि वह इसे ऐसी समस्या मानते हैं जिसका समाधान उनके बस में नहीं है। वह समस्या का समाधान अपने वक्त में नहीं कर सके तो इसलिए कि वह इसे संभव नहीं मानते थे। सिर्फ समाधान की कोशिश करते हुए दिखते थे लेकिन सरकार बदल जाती थी नक्सलवाद देश की गंभीर समस्या बना रहता था। देश के पहले गृहमंत्री अमित शाह ने जिन्होंने सोचा कि देश से आंतकवाद को समाप्त किया जा सकता है तो नक्सलवाद को भी समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सोचा कि इसे कैसे समाप्त किया जा सकता है।नक्सलियों के बस्तर में मजबूत होने का एक कारण यह था कि नक्सलियों का आंतक गांव गांव तक फैला हुआ था, ग्रामीणों को भरोसा नहीं था कि नक्सलियों से कोई सरकार या गृहमंत्री बचा सकता था। गृहमंत्री शाह ने नक्सलियों के आंतक व प्रभाव को कम करने के लिए बस्तर में ज्यादा से ज्यादा कैंप खोलने की योजना बनाई। बस्तर में कैंप खुलते गए और नक्सलियों का आंतक गांवों में कम होता गया। ग्रामीणों को पहली बार भरोसा हुआ कोई उनको नक्सलियों से बचा सकता था, नक्सलियों के खिलाफ कैंप खोले जाने के साथ ही गांवों मे विकास के वह सब काम भी शुरू हुए जो पहले असंभव माने जाते थे, नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र में सड़क बनाने नहीं देते थे लेकिन कैंप खुलने से सड़कें बनी, सुरक्षा बलों को दूर दूर तक पहुंचना आसान हुआ। नक्सलियों के सुरक्षित ठिकानों तक बलों की पहुंच हुई। पहली बार नक्सलियों के ठिकानों में घुसकर जवानो ने नक्सलियों को मारना शुरू किया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि नक्सलियों को पहली बार लग रहा है कि बस्तर के सुरक्षित ठिकाने भी उनके लिए अब सुरक्षित नहीं है। उनमें पहली बार मारे जाने का खौफ पैदा हुआ और इसके कारण वह अब सबसे ज्यादा सरेंडर कर रहे हैं। पहले नक्सलियों में मारे जाने का कोई डर नहीं होता इसलिए वह सरेंडर भी ज्यादा नहीं करते थे। गृहमंत्री शाह व सीएम साय की बड़ी सफलता यह है कि उन्होंने नक्सलियों में सरेंडर नहीं करने पर मारे जाने का खौफ पैदा कर दिया है।यही वजह है कि वह बस्तर छोड़कर महाराष्ट्र,तेलंगाना,ओडिशा, आंध्र प्रदेश भाग रहे हैं लेकिन छत्तीसगढ़ के आसपास के राज्य भी उनके लिए गैर कांग्रेस सरकार होने के कारण पहले की तरह सुरक्षित नहीं रहे गए हैं, एक राज्य ही नहीं आसपास के कई राज्यों में एक साथ नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाए जाने से नक्सली छत्तीसगढ़ सहित किसी राज्य में सुरक्षित नहीं है।यहीं वजह है कि वह छत्तीसगढ़ से भागते हैं तो तेलंगाना में मारे जाते है,महाराष्ट्र में मारे जाते हैं, ओडिशा में मारे जाते हैं। बस्तर नक्सलियों के लिए अब पहले की तरह सुरक्षित नहीं रह गया है, इसलिए नक्सली बस्तर की जगह बस्तर से लगे दूसरे जिलों में सुरक्षित ठिकाना तलाश रहे हैं। गरियाबंद जिला उनके लिए रेस्ट करने की जगह थी। यह क्षेत्र वह खुद के लिए सुरक्षित समझते थे यह इलाका ओडिशा से लगा हुआ है तथा यहां के जंगल पहाड़ उनके लिए सुरक्षित समझे जाते लेकिन ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने के बाद ओडिशा भी उनके लिए सुरक्षित नहीं रह गया है। छत्तीसगढ़ के साथ ही ओडिशा में नक्सल विरोधी अभियान चलाए जाने से नक्सलियों के लिए भाग कर जाने के लिए कोई जगह नहीं बची है। छत्तीसगढ़ के सुरक्षा बलों के अभियान के साथ ही ओडिशा में अभियान चलाए जाने से पहली बार दोनों राज्यों में नक्सलियों को बड़ी संख्या में मारा जा सकता है। एक बड़े नक्सल विरोधी अभियान के दौरान छत्तीसगढ़ के जवानों ने तीन दिन तक नक्सलियों की घेराबंदी कर 14 नक्सलियों को मार गिराया तो साथ में ओडिशा में सुरक्षा बलों ने अभियान चला कर 13 नक्सलियों को मार गिराया है। पहली बार छत्तीसगढ़ ओडिशा सीमा पर सुरक्षा बलों ने 27 नक्सलियों का मार गिराया है। इससे साफ है कि छत्तीसगढ़ से नक्सली ओडिशा भाग कर अपनी जान बचाना चाहते थे लेकिन वहां भी सुरक्षा बलों से वह बच नहीं सके। मारे जाने वाले नक्सलियों में एक करोड़ रुपए का इनामी नक्सली मनोज उर्फ जयराम उर्फ चलपति है और दूसरा सीतानदी जोनल कमांडर गुड्डू है। चलपति ओडिशा स्टेट कमेटी का सचिव था। यानी वह ओडिशा का बड़ा ईनामी नक्सली नेता था। इस हिसाब से सुरक्षा बलों की यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। क्योंकि सुरक्षा बलों को अब बड़े नक्सली नेता मारने का मौका मिल रहा है। पहले बड़े नक्सली नेता मारे ही नहीं जाते थे क्योंकि उनकी खबर तक नहीं मिलती थी वह कब छत्तीसगढ़ आए और कब चले गए। अब उनके आने की खबर भी मिलती है और छत्तीसगढ़ के बस्तर सहित सभी जिलों में सुरक्षा बलों की मौजदूगी के चलते मारा भी जा सकता है। इसकी वजह यह है कि अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा बलों का हौसला बुलंद है, पहले होता यह था कि नक्सली सुरक्षा बलों के जवानों को मार देते थे तो अभियान कुछ समय के लिए रोक दिया जाता था। पहली बार ऐसा हुआ है कि नक्सली हमले में 8 जवानों के शहीद होने के बाद भी निरंतर नक्सली विरोधी अभियान जारी है और आए दिन नक्सलियों का सफाया किया जा रहा है। कुछ दिन पहले जवानों ने 18 नक्सली मार गिराए थे, साल के पहले महीने 40 से ज्यादा नक्सली मार गिराना बड़ी सफलता मानी जा रही है।

खुलासा

-डॉ. सत्यवान सौरभ

# नकली दुनिया की पोल खोलता आईआईटी बाबा 'अभय सिंह'

**एक आईआईटीयन इतना मूर्ख कैसे हो सकता है कि अपनी उच्च-भुगतान वाली, आलीशान नौकरी छोड़ दे? वह अपनी दो डिग्रियाँ कैसे बर्बाद कर सकता है?₹ और फिर मुझे समझ में आया कि ₹बचपन का सदमा₹ शब्द बहुत सारे नकारात्मक अर्थ रखता है। उनके साक्षात्कार वीडियो पर टिप्पणियाँ पढ़कर मुझे और भी बुरा लगा। जहाँ कई लोग उनकी प्रशंसा कर रहे थे, वहीं दूसरे लोग उन्हें नजरअंदाज कर रहे थे। यहाँ मेरा उद्देश्य किसी भी तरह से उनका बचाव करना नहीं है। उनके पास सब कुछ था: सबसे अच्छी औपचारिक शिक्षा, सबसे अच्छी नौकरी, विदेश यात्रा, गर्लफ्रेंड और रिश्ते। फिर उन्होंने अपने अंदर खालीपन महसूस किया और संन्यास की राह पर चलने का फैसला किया। लॉकडाउन के कारण वे कनाडा में ही फंस गए। इस बार उन्होंने अपने जीवन पर अधिक चिंतन करना शुरू किया। वे सही कहते हैं कि बहुत से माता-पिता केवल अपने बच्चों को जन्म देते हैं और उनके पालन-पोषण के बारे में ज़्यादा नहीं सोचते। अभय सिंह चाहते तो अपने आईआईटी के नाम का इस्तेमाल एक सफल व्यवसाय शुरू करने और बाबा बनने के लिए कर सकते थे। हमने बहुत से आध्यात्मिक गुरुओं को देखा होगा जो खुद को मार्केट करने के लिए आईआईटी, आईआईएम टैग का इस्तेमाल करते हैं।**



एक दिन जब मैंने आईआईटी बाबा अभय सिंह का वीडियो देखा तो मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। मान लीजिए कि आपके पास सब कुछ है: आईआईटी बॉम्बे की डिग्री, एक आशाजनक एयरोस्पेस इंजीनियरिंग करियर और एक ऐसा जीवन जिसकी ज़्यादातर लोग सिर्फ़ कल्पना कर सकते हैं। लेकिन हमेशा की तरह चलने के बजाय, उन्होंने ऐसा चुनाव किया जिसने सभी को चौंका दिया। उन्होंने ज़्यादा आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए सब कुछ त्याग दिया। पहले तो मुझे यक़ीन ही नहीं हुआ—कोई इतना उज्ज्वल भविष्य क्यों छोड़ेगा?—लेकिन जैसे-जैसे मैंने उन्हें बात करते सुना, सब कुछ समझ में आने लगा। उन्होंने जीवन में एक वास्तविक उद्देश्य, शांति और अर्थ खोजने के महत्त्व पर चर्चा की—ऐसी चीजें जिन्हें कोई भी धन या सफलता कभी नहीं खरीद सकती। यह एक शक्तिशाली कहानी थी। इसने मुझे यह एहसास दिलाया कि जीवन सिर्फ़ समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने या भीड़ का अनुसरण करने के बारे में नहीं है, बल्कि अपना रास्ता खोजने के बारे में है। मैंने पहले सोचा, ₹एक आईआईटीयन इतना मूर्ख कैसे हो सकता है कि अपनी उच्च-भुगतान वाली, आलीशान नौकरी छोड़ दे? वह अपनी दो डिग्रियाँ कैसे बर्बाद कर सकता है?₹ और फिर मुझे समझ में आया कि ₹बचपन का सदमा₹ शब्द बहुत सारे नकारात्मक अर्थ रखता है। उनके साक्षात्कार वीडियो पर टिप्पणियाँ पढ़कर मुझे और भी बुरा लगा। जहाँ कई लोग उनकी प्रशंसा कर रहे थे, वहीं दूसरे लोग उन्हें नजरअंदाज कर रहे थे। यहाँ मेरा उद्देश्य किसी भी तरह से उनका बचाव करना नहीं है। चलिए आगे की बात करते हैं।

बहुत शोर मचाया जा रहा है कि आईआईटी बाबा ने सरकारी फंड वाली सीट बरबाद कर दी। मेरी राय में जो लोग ऐसा कहते हैं, उन्हें कुछ बुनियादी बातों को समझने की जरूरत है। बहुत ज़्यादा पढ़ाई करने के बाद, अभय सिंह को आईआईटी में दाखिला मिल गया और उन्होंने अपनी डिग्री हासिल की। उन्होंने कोर्स में कोई बाधा नहीं डाली। फिर, इस तर्क से,आईआईटी के बाद एमबीए और यूपीएससी करने वालों ने सीटें बरबाद कर दीं। तो फिर, मुझे बताइए कि उन्होंने सीटें कैसे बरबाद कीं। अगर उन्होंने कोर्स पूरा नहीं किया होता, तो भी यह तर्क कुछ हद तक सही होता, लेकिन चूँकि उन्होंने एयरोस्पेस इंजीनियरिंग पूरी की है, इसलिए किसी को यह दावा नहीं करना चाहिए कि उन्होंने अपनी सीट बरबाद कर दी। देखिए कि उनका नजरिया कितना बेहतरीन है। उनके पास सब कुछ था: सबसे अच्छी औपचारिक शिक्षा, सबसे अच्छी नौकरी, विदेश यात्रा, गर्लफ्रेंड और रिश्ते। फिर उन्होंने अपने अंदर खालीपन महसूस किया और संन्यास की राह पर चलने का फैसला किया। मुझे कहना होगा कि वे एक ईमानदार व्यक्ति



लगते हैं। वे हरियाणा के मूल निवासी हैं। झज्जर, हरियाणा में ही उनका जन्म हुआ। उनकी माँ घर पर रहती हैं जबकि उनके पिता वकालत करते हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा के लिए झज्जर में पढ़ाई की। वे कम उम्र से ही एक असाधारण छात्र थे। उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। फिर उन्हें तीन लाख रुपये का पैकेज मिला और वे अपनी नौकरी के लिए कनाडा चले गए। लॉकडाउन के कारण वे कनाडा में ही फंस गए। इस बार उन्होंने अपने जीवन पर अधिक चिंतन करना शुरू किया।

भारत आने के बाद, वे एक नए आध्यात्मिक मार्ग पर चल पड़े। वे बहुत-सी तीथर्यात्राओं पर गए। वे अपनी वतर्मान जीवनशैली से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए वे बहुत आध्यात्मिक हो गए। वे हमेशा अपना घर छोड़ना चाहते थे। वे जोर देकर कहते थे कि सभी माता-पिता दिव्य प्राणी नहीं होते। वे सही कहते हैं कि बहुत से माता-पिता केवल अपने बच्चों को जन्म देते हैं और उनके पालन-पोषण के बारे में ज़्यादा नहीं सोचते। आध्यात्मिक शब्दावली में वह चीज जो सब कुछ पार कर जाती है उसे ₹सत्य₹ कहा जाता है। उन्होंने यहाँ तक कहा कि हर कोई मेरी आईआईटी डिग्री को ही दर्शाता है। मैं उस पर ध्यान आकर्षित नहीं करना चाहता। व्यक्तिगत रूप से, मैं उससे कहीं ज़्यादा हूँ। उनके माता-पिता को छह महीने पहले ब्लॉक कर दिया गया था। उन्होंने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। चूँकि उन्होंने होशपूर्वक जीवन ज़िया और चले गए, इसलिए उनके विचार बहुत शुद्ध हैं। इसलिए, कृपया उन्हें पाखंडी कहना बंद करें। अपनी आध्यात्मिक यात्रा में, वे अविश्वसनीय रूप से ईमानदार और प्रतिबद्ध हैं। सत्य और जीवन के उद्देश्य की निरंतर खोज के माध्यम से ही औसत व्यक्ति आध्यात्मिकता से प्रबुद्ध होता है। यू ट्यूबर ने बाबा अभय सिंह का साक्षात्कार लिया। इसके बाद, उन्होंने खुलासा किया कि आध्यात्मिकता को आगे बढ़ाने के लिए सब कुछ छोड़ने से पहले वे आईआईटी में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर रहे थे।

अभय सिंह चाहते तो अपने आईआईटी के नाम का इस्तेमाल एक सफल व्यवसाय शुरू करने और बाबा बनने के लिए कर सकते थे। हमने बहुत से आध्यात्मिक गुरुओं को देखा होगा जो खुद को मार्केट करने के लिए आईआईटी,आईआईएम टैग का इस्तेमाल करते हैं। इंटरव्यू के दौरान, अभय सिंह ने पहले रिपोर्टर को यह भी नहीं बताया कि वह एक आईआईटीयन हैं। अपनी शैक्षिक पृष्ठभूमि के बारे में रिपोर्टर के सवाल के जवाब में, अभय सिंह ने जवाब दिया, ₹हाँ, मैं आईआईटी बॉम्बे से हूँ।₹ अभय सिंह ने सच की तलाश करके वाकई एक मिसाल क़ायम की है। आप उनके इंस्टाग्राम पर जाकर देख सकते हैं कि वह कितने ज्ञानी हैं। प्रशंसा वास्तव में उस व्यक्ति की है जिसने सब कुछ त्याग दिया है और आध्यात्मिक मार्ग पर चल रहा है। उसने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। ₹जो शून्य हैं वही शिव से मिल सकते हैं₹ उनके दो उद्धरणों में से एक है जिसे मैं हमेशा याद रखूँगा। कहाँ जाओगे चलते चलते? यहीं आओगे। ₹ आखिरकार मुझे इस नकली दुनिया में कोई सच्चा मिल गया।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण लाभ लेकर आने वाला है। कारोबार में आपको अत्यधिक मेहनत की आवश्यकता होगी। तकनीकी समस्याओं के कारण आपको काम करने में समस्याएं आएगी। किसी पैतृक संपति संबंधित मामले में आपको जीत मिलने से खुशी होगी। आपके घर किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है। परिवार के सदस्यों में एकजुटता बनी रहेगी, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा। आपका कोई अटका हुआ काम पूरा होने की संभावना है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपके ऊपर यदि कुछ खर्च थे, तो उन्हें भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों को अपने कामों में प्रोत्साहन मिलेगा। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। बिजनेस कर रहे लोगों के कामों में यदि कुछ अड़चनें आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी। आपको किसी बाहरी व्यक्ति से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। आप अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलें। आपके रुके हुए धन की आपको प्राप्ति हो सकती हैं। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप संतान को किसी नई नौकरी के काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, जो लोग सिंगल हैं, उनके जीवन में खुशियां आ सकती हैं। किसी अधूरे काम को पूरा करने में आप अपने भाइयों से मदद ले सकते हैं। यदि आपने किसी जमीन की खरीदारी संबंधित कोई लोन अप्लाई किया था, तो वह आपको मिल सकता है। आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर व्यस्तता अधिक रहेगी, लेकिन आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपके बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसमें आप ढील बिल्कुल ना दें। काम के सिलसिले में आप यात्राएं भी काफी करेंगे। आपकी भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। आपका कोई महत्वपूर्ण काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको धैर्य और साहस से काम लेने की आवश्यकता है। आपके कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे। आप अपने कामों को भाग्य के भरोसे ना छोड़ें। आपके मन में किसी काम को लेकर यदि संशय बना हुआ था, तो आप उस काम को बिल्कुल ना करें। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलती दिख रही है। आपकी दीघर्कालीन योजनाओं को गति मिलेगी। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप अपनी संतान के करियर को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आपको किसी नए वाहन की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको पारिवारिक मामलों को घर में ही सुलझाने की आवश्यकता है। कोई सदस्य नौकरी के लिए घर से दूर जा सकता है। आप किसी स्कॉलरशिप से संबंधित एग्जाम की तैयारी कर सकते हैं। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, जो लोग अपने बिजनेस को विदेशों तक ले जाने की कोशिश में लगे हैं, उनकी यह योजनाएं सफल होंगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को कहीं डिनर डेट पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं।

धनु- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको किसी जोखिम भरे काम को कल पर टालने से बचना होगा। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहने की आवश्यकता है। बिजनेस कर रहे लोगों की इनकम बढ़ेगी। यदि आपने किसी नए वाहन को खरीदने का सोचा है, तो आपकी वह इच्छा पूरी हो सकती है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहेगी। पारिवारिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। आपके खर्च बढ़ने से आपको समस्या नहीं आएंगी। पारिवारिक जरूरतों पर आप पूरा ध्यान दें। वैवाहिक जीवन में किसी पुरानी बात को लेकर लड़ाई-झगड़ा बढ़ने की संभावना है, इसलिए आप सावधानी बरतें। आपकी किसी पुराने मित्र से मिलने की इच्छा पूरी हो सकती है, जो लोग राजनीति में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें अपने आसपास रह रहे गुप्त शत्रुओं पर ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए परस्पर सहयोग की भावना लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों के प्रति सावधान रहना होगा। आर्थिक मामलों में आपको कोई बड़ा जोखिम लेने से बचना होगा। आपको कोई काम जल्दबाजी में नहीं करना है। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आपकी टेंशन बनी रहेगी। आप किसी से धन का लेनदेन सोच समझकर करें।

मीन- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता मिलती दिख रही है और आपको अपने घर वालों का भी पूरा साथ मिलेगा। आप दोस्तों के चक्कर में कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने से बचें। बिजनेस कर रहे लोग किसी बड़ी डील को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी फाइनल हो सकती है। आपको परिवार में सदस्यों के बीच तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है, इसलिए आप किसी लड़ाई-झगड़े में दोनों पक्षों की सुनकर ही कोई फैसला लें।

## सपनों की सभा: वादों का मेला

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



किसी अनजाने से गांव में, जहाँ घास भी बेरोजगार है और बकरियाँ इंटर्नशिप के लिए तड़प रही हैं, वहां एक प्रतिष्ठित संस्था ह्यसफलता संकुलह्ल खोली गई। यह संस्था किसी अज्ञात डॉक्टर की खुराफात थी, जिसने सोचा कि क्यों न गांव के सभी बेरोजगारों को एक साथ एकत्र किया जाए, ताकि वे अपनी नाकामी को एक सामूहिक जश्न में बदल सकें। गांव में इस ह्यसफलता संकुलह्ल का उद्घाटन एक भव्य समारोह से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं, श्रीमती बेजोड़ सफलता, जिनके बारे में कहा जाता था कि वे सिर्फ नाम के लिए सफल हैं। वे मंच पर चढ़ीं और उन्होंने बड़े जोरदार ढंग से बोलना शुरू किया, आप सभी का जीवन बेहद महत्वपूर्ण है, और इसलिए हमने आपको यहां बुलाया है। यहां हमें आपकी सफलता की जरूरत नहीं, बल्कि आपके सपनों की हंसी चाहिए! सभी गांव वाले इस असामान्य बयान को सुनकर एक-दूसरे की शक्ल देखने लगे, जैसे कोई नया तीर चलाया गया हो। लेकिन इतनी अजीब बातों का क्या, गांव वालों ने उत्साह से तालियां बजाई। वे तो बस यह सोच रहे थे कि इस बार तो कुछ होगा, कुछ तो बदलने वाला है। इसके बाद, श्रीमती बेजोड़ ने एक ह्यसाक्षात्कारह्ल प्रक्रिया शुरू की। साक्षात्कार के लिए गांव वालों को एक कागज दिया गया, जिस पर उन्हें अपनी सबसे बड़ी उपलब्धियों को लिखना था। किसी ने लिखा कि उसने अपने घर की बकरी को दूध पिलाने में विशेषता हासिल की है, तो किसी ने कहा कि उसने अपनी पत्नी को बिना कहे झगड़ा करने में मास्टर की डिग्री प्राप्त की है। इस दौरान, एक युवा, जिसे सभी निराशित सिंगल कहते थे, ने अपनी जीवनी में लिखा, मैंने कभी भी किसी काम को सही समय पर नहीं किया। इससे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। इससे यह साबित हुआ कि गांव वाले जॉब के लिए नहीं, बल्कि ह्यसाक्षात्कार के लिए तैयार थे। अब, जब साक्षात्कार की बारी आई, तो सभी गांव वाले एक जगह इकट्ठा हुए। श्रीमती बेजोड़ ने एक खौफनाक तरीके से कहा, आपके अंदर की प्रतिभा को पहचानना हमारा काम है। हमें बस आपकी आत्मा की गहराई में उतरना है। गांव वालों ने अपने घुटने टेक दिए, जैसे किसी खेल का फाइनल मैच चल रहा हो। एक-एक करके सभी को बुलाया गया। पहले व्यक्ति ने कहा, मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि मैंने कभी भी सच्चाई नहीं कही। इस पर श्रीमती बेजोड़ ने चश्मा ठीक करते हुए कहा, बहुत बढ़िया, आप इस समाज की आत्मा हो! दूसरे ने कहा, मैंने हमेशा सोच रखा है कि मैं कल से काम शुरू करूंगा। यह सुनकर उन्होंने कहा, अरे वाह! क्या क्रांतिकारी विचार है! जब अंत में निराशित सिंगल की बारी आई, तो उसने कहा, मैंने आज तक कुछ नहीं किया है। बस सोचा है।





इस पर श्रीमती बेजोड़ ने कहा, यह तो सबसे बड़ी उपलब्धि है! आप तो अद्वितीय हैं! अब तो पूरा गांव ह्यसफलता संकुलह्ल का दीवाना हो गया था। वे सब मानने लगे कि जॉब पाना तो एक छोटी सी बात है, असली सफलता तो बिना काम किए बड़े-बड़े ख्वाब देखना है।समारोह समाप्त होने के बाद, श्रीमती बेजोड़ ने घोषणा की, आप सभी को अब एक ह्यगर्वह्ल का अनुभव होगा, क्योंकि आप सभी को ह्यसाक्षात्कार में असफलह्ल होने का सर्टिफिकेट दिया जाएगा! इस पर तो गांव वालों ने खुशी से झूम उठे और एक-दूसरे को बधाई देने लगे। वे सोचने लगे कि इस तरह का सर्टिफिकेट तो और कहीं नहीं मिलता। फिर कुछ ही दिनों में ह्यसफलता संकुलह्ल का नाम हर जगह फैल गया। लोग दूर-दूर से आए और ह्यनौकरी की नोटबुक लेकर चले गए। अब गांव में सभी सोचने लगे कि यदि कोई नौकरी नहीं मिली तो क्या हुआ, कम से कम हमने खुद को सफलता के नाम पर मजाक बना लिया है। अंत में, गांव में एक नया ट्रेंड शुरू हुआ, जितनी असफलता, उतनी सफलता। अब गांव वाले अपने असफलता के सर्टिफिकेट को अपनी पहचान मानने लगे। यह कहानी इस बात का सबूत है कि कभी-कभी, सफलता का रास्ता इतना कन्फ्यूजिंग होता है कि कोई भी सच्चाई के बिना जीना पसंद करता है। और जब सब कुछ असफल होता है, तो यही असफलता, एक नये तरीके से सफलता बन जाती है। इस प्रकार, गांव में काम के बजाय सपनों की खेती होने लगी, और सभी ने मिलकर एक नई सच्चाई गढ़ी – काम नहीं, तो सम्मान है!

जन्म जयन्ती

# सुभाषचन्द्र बोस: आजादी की सबसे उजली उम्मीद बने

ललित गर्ग



खून के बदले आजादी देने का वादा करने वाले भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के करिश्माई नेता, महान स्वतंत्रता सेनानी और विलक्षण एवं साहसी व्यक्तित्व के धनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम भारतीय इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा है। उनका त्याग, उनका बलिदान, उनकी साहसिकता, उनकी राष्ट्रीयता सर्वोपरि रहने के बावजूद उन्हें आजादी के बाद यथोचित सम्मान नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुराग्रह का प्रतीक बनी रही, लेकिन लम्बे इंतजार के बाद अच्छी बात हुई है कि आजादी आंदोलन के महानायक एवं कमर्योद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को नरेन्द्र मोदी सरकार ने ह्यराष्ट्रीय पराक्रम दिवसह्ल के रूप में मनाने की घोषणा करके देश के असंख्य लोगों की भावनाओं का सम्मान किया है। वास्तव में हमारी आजादी हमारे ऐसे ही वीरों के पराक्रम, शौर्य, समर्पण और साहस से मिली थी। यह सही है कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का योगदान महत्वपूर्ण था, परंतु नेताजी के योगदान को कमतर आंकना या उनके योगदान का विस्मृत करना, किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। भारत के स्वाधीनता संग्राम में आजाद हिंद फौज एवं नेताजी का सर्वाधिक योगदान रहा है, उनके योगदान की अमर कहानी अभी लिखी जानी शेष है और इसकी शुभ शुरुआत हो गयी है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी की सबसे उजली उम्मीद बनकर उभरे थे। उन्होंने अपने शौर्य एवं पराक्रम से भारत को आजादी दिलाई एवं उन्होंने जिस अमृत को अपने संघर्ष से बटोरा एवं सुरक्षित भारत की भावी पीढ़ियों के लिए रखा था, वह तो राजनीतिक स्वार्थों की भेंट चढ़ गया। उस अमृत पर तो कोरी राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेकी गयी, अपने-अपने स्वार्थ सिद्ध किये गये, देश को भूला दिया गया, नेताजी के योगदान को भूला दिया गया। यही कारण है कि 78 वर्षों के कालखण्ड में राष्ट्र मजबूत होने की बजाय दिन-ब-दिन कमजोर होता गया। नेताजी भारत के लिये करिश्में का एक ऐसा नाम था, जिन्होंने आजाद हिन्द सरकार के माध्यम से एक ऐसा भारत बनाने का वादा किया था, जिसमें सभी के पास समान अधिकार हों, सभी के पास समान अवसर हों। जो अपनी प्राचीन परम्पराओं से प्रेरणा लेगा और गौरवपूर्ण बनाने वाले सुखी, समृद्ध एवं सशक्त भारत का निर्माण करेगा। यह करोड़ों भारतीयों का सपना था, किंतु सुभाष बाबू से भय खाने वाले अंग्रेजों और बाद में उसी लीक पर चलकर सत्ता और परिवारवाद को मजबूत करने वाले राजनीतिक दलों एवं सत्ताधारियों ने उस महानायक के योगदान एवं सपनों को कुचलने का षड़यंत्रपूर्वक प्रयत्न किया। जब वर्ष 2018 को आजाद हिन्द सरकार के 75वीं वषर्गांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से तिरंगा फहराया तो देश को मानो उसका बिसराया प्यार, स्वतंत्रता संग्राम की अनूठी स्मृतियों की जीवंतता से देश को वास्तविक रूप में आजादी का स्वाद चगने का अवसर मिल गया है।सुभाष चन्द्र बोस के लिये असंभव कुछ नहीं था, वे भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। आपका जन्म 23 जनवरी 1897 को को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माँ का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। पहले वे सरकारी वकील थे मगर बाद में उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 सन्तानें थी जिसमें 6 बेटियाँ और 8 बेटे थे। सुभाष उनकी नौवीं सन्तान और पाँचवें बेटे थे। अपने सभी भाइयों में से सुभाष को सबसे अधिक लगाव शरद चन्द्र से था।सुभाषचन्द्र बोस आजीवन भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के लिये युद्ध तथा सैन्य संगठन में रत रहते हुए भारत को आजादी दिलाने के प्रभावी एवं सार्थक प्रयत्न किये। सुभाष बाबू के जीवन पर स्वामी विवेकानंद, उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस तथा महर्षि अरविंद के गहन दर्शन और उच्च भावना का प्रभाव था। युवा सुभाष ने 16 जुलाई 1921 को बम्बई में महात्मा गांधी से मिलने के बाद सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ चल रहे असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। उस समय देश में गांधीजी के नेतृत्व में असहयोग की लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी इसमें शामिल था। इस बारे में बहुत कम लोग जानते हैं कि जर्मन के तानाशाह अडोल्फ हिटलर ने ही सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहली बार ह्यनेताजीह्ल कहकर बुलाया था। नेताजी के साथ ही सुषाभ चंद्र बोस को देश नायक भी कहा जाता है। कहा जात है कि देश नायक की उपाधि सुभाष चंद्र बोस को रवीन्द्रनाथ टैगोर से मिली थी। ह्यनेताजीह्ल हर कीमत पर मां भारती को आजादी की बेड़ियों से मुक्त कराने को आतुर देश के उग्र विचारधारा वाले युवा वर्ग का चेहरा माने जाते थे। महात्मा गांधी को सुभाष चंद्र बोस ने ही ह्यराष्ट्रपिताह्ल कह कर संबोधित किया था। उन्हें 1921 से 1941 के बीच में 11 बार देश के अलग-अलग जेल में कैद किया गया। सुभाषचन्द्र बोस के जीवन की कहानी अधिक रोमांचकारी एवं अद्भुत रही है, लौह-संकल्पों एवं हौसल्लों से उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिये, जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। ह्यतुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूँगाह्ल का नारा देकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ हुंकार भरी। आजाद हिन्द सरकार ने वादा किया था ह्यबांटो और राज करोह्ल की उस नीति को जड़ से उखाड़ फेंकने का, जिसकी वजह से भारत सदियों तक गुलाम रहा था। इसके लिये नेताजी ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हाल के सामने ह्यसुप्रीम कमाण्डरह्ल के रूप में आजाद हिंद फौज की सेना को सम्बोधित करते हुए ह्यदिल्ली चलो !ह्ल का नारा दिया और जापानी सेना के साथ मिलकर ब्रिटिश व कामनवेल्थ सेना से बर्मा सहित इंफाल और कोहिमा में एक साथ जमकर मोर्चा लिया। आजाद हिन्द फौज को छोड़कर विश्व-इतिहास में ऐसा कोई भी दृष्टांत या उदाहरण नहीं मिलता जहाँ तीस-पैंतीस हजार युद्धबन्दियों ने संगठित होकर अपने देश की आजादी के लिए ऐसा प्रबल संघर्ष छेड़ा हो।21 अक्टूबर 1943 को सुभाषचन्द्र बोस ने आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड सहित 11 देशो की सरकारों ने मान्यता दी थी। जापान ने अंडमान व निकोबार द्वीप इस अस्थायी सरकार को दे दिये। नेताजी उन द्वीपों में गये और उनका नया नामकरण किया। 1944 को आजाद हिंद फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। कोहिमा का युद्ध 4 अप्रैल 1944 से 22 जून 1944 तक लड़ा गया एक भयंकर युद्ध था। इस युद्ध में जापानी सेना को पीछे हटना पड़ा था और यही एक महत्वपूर्ण मोड़ सिद्ध हुआ। 6 जुलाई 1944 को उन्होंने रंगून रेडियो स्टेशन से महात्मा गांधी के नाम एक प्रसारण जारी किया जिसमें उन्होंने इस निर्णायक युद्ध में विजय के लिये उनका आशीर्वाद और शुभकामनाएँ माँगीं।

**एक नजर**

## मास्टर ट्रेनर्स ने नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 23 जनवरी ।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 हेतु निर्वाचन व्यय के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल सभा कक्ष में व्यय नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स श्री आलोक सोनवाने एवं श्री माधव राव रेड्डी के द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि सभी राजनैतिक दलों को निर्वाचन व्यय हेतु प्रस्तावित अधिकतम सीमा 50 हजार जनसंख्या से ऊपर वाले नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हेतु निर्वाचन व्यय की सीमा 10 लाख रूपये एवं 50 हजार से कम जनसंख्या वाले नगरीय निकाय के अध्यक्ष हेतु 8 लाख रू. तथा नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु निर्वाचन व्यय हेतु प्रस्तावित अधिकतम सीमा 6 लाख रू. तय की गई है। जबकि पार्षद पद के लिए व्यय की सीमा निर्धारित नहीं है। बैठक में यह भी बताया गया कि नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के निर्वाचन में प्रत्येक अभ्यर्थी का यह दायित्व है कि वह राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विहित अनुसार निर्वाचन में हुए समस्त व्यय का पृथक और सही लेखा विशिष्टियों के साथ रखेगा तथा निर्वाचन की तारीख से तीस दिन के अंदर अपने निर्वाचन का व्यय लेखा राज्य निर्वाचन आयोग को अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा। अध्यक्ष पद के प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रतिदिन किए जाने वाले व्यय का लेख रजिस्टर प्रोफार्मा-क में रखना होगा, जो अभ्यर्थी को रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा प्रदाय किया जावेगा। अभ्यर्थी द्वारा नाम-निर्देशन प्रस्तुत करने के पूर्व अनिवार्यतः एक बैंक खाता खोला जाएगा। जिससे ही निर्वाचन व्यय संबंधी समस्त प्राप्तियां एवं व्यय भी उसी खाते से किए जावेगा। अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा दिन-प्रतिदिन का व्यय लेखा संबंधित व्हाउचरों एवं देयकों के साथ नाम वापसी हेतु निर्धारित अंतिम तिथि एवं मतदान तिथि के बीच अनिवार्यतः दो बार निर्वाचन व्यय संपरीक्षक द्वारा निर्धारित जांच हेतु प्रस्तुत करने होंगे। निर्वाचन परिणाम घोषणा के पश्चात् तीस दिनों के भीतर निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन व्ययों का सार- प्रोफार्मा-ख में मय शपथ-पत्र (प्रोफार्मा-ग) जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सभी निर्वाचन व्यय संपरीक्षक को एक लिपिक डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (कंप्यूटर सहित) उपलब्ध कराया जावेगा। निर्वाचन व्यय संपरीक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कार्य करेगें।

## विद्युत करेंट से हुई जंगली हाथी की मौत, आरोपी को भेजा गया जेल

**रायगढ़, 23 जनवरी।** धरमजयगढ़ परिक्षेत्र के ग्राम-क्रोन्धा में आनंद राम के राठिया द्वारा अपने खेत में तार बिछाकर विद्युत करेंट प्रवाहित किया गया था, जिससे एक जंगली हाथी की मृत्यु हो गई। घटना पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी न्यायालय धरमजयगढ़ के समक्ष पेश किया गया। वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के उलंघन करने पर माननीय न्यायालय ने 14 दिन की न्यायिक रिमांड देते हुए आरोपी को 22 जनवरी 2025 को जिला जेल रायगढ़ दाखिला हेतु आदेश किया गया।वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जनवरी 2025 को क्रोन्धा परिसर ग्राम क्रोन्धा के राजस्व क्षेत्र खामनारा नामक स्थान में 01 नग नर हाथी के मृत्यु की सूचना परिसर रक्षक क्रोन्धा से प्राप्त हुई। वन परिक्षेत्राधिकारी धरमजयगढ द्वारा उक्त घटना की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देते हुए पशु चिकित्सकों की टीम एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सूचित किया गया। मौका स्थल पर जांच करने पर पता चला कि 20 जनवरी 2025 को छाल वन परिक्षेत्र के खडगांव परिसर कक्ष क्रमांक 594 आर एफ में 13 हाथियों का दल (गौतमी दल) विचरण कर रहा था

# पर्णकुटी में विराजे भगवान श्रीराम

- गांव-गांव से लाई घास से बनाई कुटिया की छत
- अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव शानदार ढंग से मनाया गया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा,23 जनवरी ।** अयोध्या में भगवान श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दंतेवाड़ा में अनूठा रामोत्सव मनाया गया। गांव-गांव से जन सहयोग के तौर पर लायी गई एक-एक गट्ठा घास से पर्ण कुटी तैयार की गई, ठीक वनवास कालीन पर्ण कुटी की तर्ज पर। सुबह मां दंतेश्वरी व भगवान श्रीराम के चित्र की स्थापना विधि-विधान पूर्वक की गई। इसके बाद जिले भर से आई रामायण मंडलियों ने भजन व रामचरित मानस की चौपाइयों से माहौल राम भक्तिमय बनाए रखा। बस्तर धाकड़ राजपूत क्षत्रिय समाज दंतेवाड़ा जिला इकाई ने जनसहयोग से यह अनूठी पहल की। शक्तिपीठ दंतेश्वरी मन्दिर के सामने डंकनी नदी के तट पर हुए इस आयोजन में अन्य समाजों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक उपस्थित होकर सामाजिक समरसता का परिचय दिया।

### ऐसे बनाई गई कुटिया

घास-फूस से व लकड़ियों से तैयार छप्पर के सामने सीमेंटेड हिरण भी इसकी शोभा बढ़ा रहे थे। विभिन्न गांवों में निवासरत सामाजिक सदस्यों से महीने भर पहले ही हरेक गांव से एक-एक गट्ठा घास काटकर रखने की अपील की गई थी। बस्तर धाकड़ राजपूत क्षत्रिय समाज दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ठाकुर व पूर्व जिलाध्यक्ष बीरबल सिंह ठाकुर ने बताया कि डंकनी नदी के तट पर इसी जगह भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण प्रस्तावित है। इसी स्थल पर अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव मनाए जाने का निर्णय समाज ने लिया और सबकी सहभागिता से यह सम्पन्न हुआ।

### उत्साह में उम्र की बाधा नहीं

राम नाम के उत्साह में उम्र भी बाधक नहीं हो सकती। यह बात साबित की है समाज के वरिष्ठ सदस्य व जिला कोषाध्यक्ष सुखराम ठाकुर ने। रिटायर्ड बैंक कर्मी सुखराम ने राम मंदिर निर्माण संबंधी समाज के निर्णय को क्रियान्वित करने को चुनौती की तरह लिया है। श्रमदान कर सफाई करना हो, या फिर सामाजिक टीम के साथ मिलकर आवेदन सौंपने से लेकर लोगों को एकजुट कर कार्य सम्पन्न करवाने में उनका उत्साह देखते ही बनता है।

# विकासखंड स्तरीय पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,23 जनवरी।** विकासखंड स्तरीय पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सुकमा ब्लॉक के 21 संकुल के रसोइयों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। सुकमा विकासखंड के 21 संकुल के प्रतिभागी भाग लिए थे जिसमें प्रथम स्थान जनपद प्राथमिक शाला सुकमा ,द्वितीय बालक आश्रम मानकपाल, तृतीय स्थान पर कन्या शिक्षा परिसर सुकमा ने प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में सुकमा शाहीद बापू राव विश्वविद्यालय प्राचार्य महेश कुमार नागरची, सुकमा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य पी अनिल कुमार, झापरा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य बी कुदराम ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर कुकिंग का स्वाद चखकर पुरस्कार हेतु चयन किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड के शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन एवं प्रफुल्ल डेनियल सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दीपक बारसे बीआरसी रत्नेश वर्मा, किशोर कुमार साहू, लोकेद नायक, कुलेश्वर प्रसाद साहू, अल्बर्ट टोप्पो एवं अन्य संकुल समन्वयक तथा शिक्षक गण उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले रसोईया को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।सुकमा शाहीद बापू राव विश्वविद्यालय प्राचार्य महेश कुमार नागरची कहां कि पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कुकिंग प्रतियोगिता सभी प्रतिभागियों ने स्वादिष्ट भोजन तैयार किया था उन्होंने कहा कि इसी तरह से आप लोग स्कूलों में भोजन तैयार करें, जिससे बच्चों को अच्छा एवं स्वादिष्ट भोजन हर दिन उपलब्ध हो सकें। जिससे बच्चों को घर की तरह का भोजन उपलब्ध स्कूल में होने से माता-पिता की भी चिंता दूर होगी। उन्होंने कहा कि सभी रसोईयों ने अच्छा भोजन तैयार किया था।

### कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन शबरी आडिटोरियम में किया

विकासखंड स्तरीय प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन शबरी ऑडिटोरियम सुकमा किया गया था। जिसमें विकासखंड स्तर पर प्रत्येक संकुल से दो रसोइयों को चयनित किया गया था प्रतियोगिता में 10 बच्चों का भोजन बनाया गया था। प्रत्येक स्टॉल पर जाकर कुकिंग का स्वाद चखकर पुरस्कार हेतु चयन किया गया।

# शासकीय महाविद्यालय कोंटा में मतदान के लिए छात्रों को किया जागरूक




**सुकमा, 23 जनवरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा में 21 जनवरी को भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 हेतु आयोग द्वारा निर्धारित थीम ङ्क ÷वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम व्यापक प्रचार प्रसार हेतु स्वीप से संबंधितविभिन्न गतिविधि जैसे निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। प्राचार्य डी सुरेश बाबु के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता का संचालन प्रो. शशिकान्त ध्रुवे एवं प्रो. दुष्यंत कुमार ने किया। इस स्वीप कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस अवसर पर चांदनी मरकाम, रोहिणी चौरे, संध्या माड़वी, अनामिका टांडिया, पुष्पराज नायक, करिश्मा पासवान, नीलम रोशनी, टोकेश्वरी नायक, अनिता सोंदे, बारसे रामलक्ष्मी, मड़कम जमुना, सुप्रिया सलवम, विनिता, शिवानी कश्यप, बारसे मीना, मड़कम सुशीला, तरन्नुम बानो एवं सभी संकायों के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।


स्वास्थ्य शिविर



## महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन

**सुकमा।** नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत चयनित कैंपो में महिला बाल विकास विभाग के रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में परिया, लखापाल और पूर्वर्ती कैंप में बाल संदर्भ और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। मंगलवार को आयोजित शिविर में गर्भवती व शिशुवती महिलाओं का संपूर्ण स्वास्थ्य जांच किया गया। इसके साथ ही उनका टीकाकरण भी किया गया। शिविर के माध्यम से 155 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, वजन तथा ऊंचाई किया गया और 14 चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को योजना से लाभान्वित किया गया। परिया कैंप में जिला महिला बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## साइबर ग्रुप ने बच्ची को ढूंढ निकाला



**भिलाई, 23 जनवरी।** भिलाई पदमनाभपुर थाना क्षेत्र के लापता हुई बच्ची को साइबर प्रहरी ग्रुप ने ढूंढ कर निकाला और उसे परिजनों को सौंप दिया है पदमनाभपुर टीआई केशव राम कोसले ने बताया कि 22 जनवरी को गजराज विश्वकर्मा निवासी वृंदा नगर वार्ड नंबर 51 बोरसी ने सूचना दी थी कि उसकी 7 वर्षीय बेटी कहीं चली गई है। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम तलाश में लगी हुई थी। दुर्ग रेंज आईजी के द्वारा चलाये जा रहे साइबर प्रहरी ग्रुप के द्वारा बच्ची को ढूंढ निकाला गया है बच्ची किसी के साथ बोरसी से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर धनोरा में हो रहे एक भंडारा कार्यक्रम में मिली है।

## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**भिलाई, 23 जनवरी।** सरयु पारीण ब्राह्मण समाज की बैठक सेक्टर 2 में समाज के उपाध्यक्ष शंकर चरण पाण्डे के निवास स्थान में आयोजित किया गया, बैठक में समाज के कार्य करणी सदस्य, स्थाई आमंत्रित सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य गण उपस्थित थे, बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष श्री प्रभु नाथ मिश्रा, ने किया, बैठक का संचालन समाज के वरिष्ठ महासचिव श्री रामलखन मिश्रा ने किया श्री राम लखन मिश्रा ने कहा कि समाज को और ज्यादा मजबूत करने हेतु जोन वाइस बैठक किया जाएगा जिसमें आगामी वर्ष 2025 की गति विधि की बैठक में जानकारी दी , वर्ष भर चलने वाले कार्य क्रम की जानकारी दी, विशेष कर 2025 वर्ष की सामाजिक लोक प्रिय पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन, एवंसमाज के प्रतिभा वान बच्चों को का सम्मान समारोह कार्य क्रम करने का निर्णय लिया गया,एवं समाज के सांस्कृतिक प्रभारी नागेन्द्र पाण्डे ने कहा कि विवाह योग्य लड़के,लड़कियों की जानकारी एकत्र कर समाज के महासचिव, सांस्कृतिक प्रभारी एवं जोन वाइस प्रभारी को दे, ताकि उचित समय पर पत्रिका में प्रकाशित हो सके, अध्यक्ष प्रभु नाथ मिश्रा ने कहा कि अप्रैल माह में ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन किया जाएगा जिसमें सम्मानित सदस्य गण, एवं अतिथि उपस्थित रहेंगे, समाज के सभी सदस्य गण इस पर गंभीरता पूर्वक ध्यान दें, समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि वे वर्ष 2025 के कार्य क्रम को सफल बनाने में आज से ही जुट जाए बैठक में डॉक्टर अखिलेश त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, मनीष पांडे, राजेंद्र दुबे, रामबिलास मिश्रा, कैलाश पाठक, सुनील मिश्रा सुभाष चंद्र तिवारी, प्रदीप पांडे, नागेन्द्र पाण्डे, विष्णु पाठक, शंकर चरण पाण्डे, राधा कृष्ण पांडे, एन पी मिश्रा, संजय पांडे, हरे कृष्ण पांडे, संजय मिश्रा, विजय शुक्ला, उपस्थित थे बैठक में आभार व्यक्त राम लखन मिश्रा ने किया।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा



**दंतेवाड़ा, 23 जनवरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2024-25 के परिप्रेक्ष्य में जिले के ग्राम बालूद, चितालूर, पोन्दुम पंचायत तथा अन्य नगरीय निकायों के मतदान केंद्रों में मतदान केन्द्र का जायजा लेते हुए मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिये मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, रैंप, रोशनी और छाया उपलब्धता और सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि मतदान प्रक्रिया सुगम और निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके।इसके साथ ही कलेक्टर ने यहां महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य विकास योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इनका समुचित लाभ उठा सकें। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों के लिए आरक्षण सूची

# नगरीय निकायों में निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू

**सुकमा, 23 जनवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले में अध्यक्ष और पार्षदों के निर्वाचन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा निर्वाचन की सूचना और आरक्षण की स्थिति की जानकारी प्रदान की गई है।

### मधु तेता रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद सुकमा में अध्यक्ष और वार्ड पार्षद क्रमांक 1 से क्रमांक 15 तक निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुकमा सुश्री मधु तेता को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नाम निर्देशन की शुरुवात एसडीएम कार्यालय कक्ष क्रमांक 1 सुकमा में 22 जनवरी बुधवार को पूर्वाह्न 10:30 से किया जाएगा। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी मंगलवार अपराह्न 3 बजे तक नियत किया गया है। नाम निर्देशन संवीक्षा की तिथि 29 जनवरी बुधवार पूर्वाह्न 10:30 बजे से किया जाएगा।अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 31 जनवरी शुक्रवार अपराह्न 3 बजे तक नियत किया गया है। नागरिकों के द्वारा मतदान 11 फरवरी मंगलवार को प्रातः 8 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा। मतगणना औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुकमा में 15 फरवरी शनिवार को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। नगर पंचायत दोरनापाल में अध्यक्ष और वार्ड पार्षद क्रमांक 1 से क्रमांक 15 तक निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोंटा श्री शबाब ख़ान को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नाम निर्देशन की शुरुवात कार्यालय नगर पंचायत सभाकक्ष दोरनापाल में 22 जनवरी बुधवार को पूर्वाह्न 10:30 से किया जाएगा। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी मंगलवार अपराह्न 3 बजे तक नियत किया गया है। नाम निर्देशन संवीक्षा की तिथि 29 जनवरी बुधवार पूर्वाह्न 10:30 बजे से किया जाएगा।अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 31 जनवरी शुक्रवार अपराह्न 3 बजे तक नियत किया गया है। नागरिकों के द्वारा मतदान 11 फरवरी मंगलवार को प्रातः 8 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा। मतगणना सांस्कृतिक भवन दोरनापाल में 15 फरवरी शनिवार को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। इसी प्रकार नगर पंचायत कोंटा में वार्ड पार्षद क्रमांक 13 के निर्वाचन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री सुमीत कुमार ध्रुव को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नाम निर्देशन की शुरुवात कार्यालय नगर पंचायत सभाकक्ष कोंटा में 22 जनवरी बुधवार को पूर्वाह्न 10:30 से किया जाएगा। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी मंगलवार अपराह्न 3 बजे तक नियत किया गया है। नाम निर्देशन संवीक्षा की तिथि 29 जनवरी बुधवार पूर्वाह्न 10:30 बजे से किया जाएगा।अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 31 जनवरी शुक्रवार अपराह्न 3 बजे तक नियत किया गया है। नागरिकों के द्वारा मतदान 11 फरवरी मंगलवार को प्रातः 8 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा। मतगणना नगर पंचायत कोंटा के सभाकक्ष में 15 फरवरी शनिवार को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा।

### आरक्षण की स्थिति

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा जारी आदेशानुसार नगर पालिका परिषद सुकमा में अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है।इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 1 सुभाष चंद्र बोस वार्ड अनुसूचित जाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 2 भगत सिंह वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 3 छत्रपति शिवाजी वार्ड अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग, वार्ड क्रमांक 4 पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 5 स्वामी विवेकानंद वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 6 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 7 महात्मा गांधी वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 8 बिरसामुण्डा वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 9 महादेव वार्ड अनारक्षित (महिला), वार्ड क्रमांक 10 शांति नगर वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 11 गायत्री माता वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 12 शबरी नगर वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड क्रमांक 13 शहीद चन्द्रशेखर वार्ड अनारक्षित (महिला), वार्ड क्रमांक 14 पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग (महिला) और वार्ड क्रमांक 15 रंगाराज वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। नगर पंचायत दोरनापाल में अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति वर्ग (महिला) के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 1 सुभाष नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 2 दुर्गा नगर वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 3 सरस्वती नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 4 शीतला माता नगर वार्ड अनारक्षित (महिला), वार्ड क्रमांक 5 शबरी नगर वार्ड अनारक्षित (महिला), वार्ड क्रमांक 6 पंडित दीन दयाल नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग (महिला), वार्ड क्रमांक 7 गांधी नगर वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 8 राम नगर वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 9 स्वामी विवेकानंद नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग (महिला), वार्ड क्रमांक 10 पंडित जवाहर लाल नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 11 सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 12 इंदिरा नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 13 अम्बेडकर नगर वार्ड अनुसूचित जाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 14 शहीद भगद सिंह नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग (महिला) और वार्ड क्रमांक 15 बालाजी नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है नगर पंचायत कोंटा में श्री शिर्डी साई वार्ड क्रमांक 13 पार्षद पद के लिए अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित किया गया है।

## लड़के के अपहरण के मामले में 6 गिरफ्तार



**भिलाई, 23 जनवरी।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र में 6 लोगों ने मिलकर एक लड़के का अपहरण कर लिया और उसके साथ मारपीट किया. पीड़ित के शिकायत पर 6 आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया उन्हें कोर्ट में पेश किया है.

युवक का अपहरण कर की मारपीट -जामुल टीआई कपिल देव पांडेय ने बताया कि प्रभजोत सिंह निवासी विश्व बैंक कालोनी कुरूद ने 21 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम करीब 4 बजे वह कालेज से घर जा रहा था. उसी समय पीछे से राहुल सिंह अपने दोस्तों के साथ आया और रास्ता रोककर बाइक की चाबी निकाल लिया बदमाश उससे मारपीट करने लगे और कहने लगे कि अपने दोस्त शशांक को बुलाओ. बदमाश प्रार्थी का अपहरण कर अपनी गाड़ी में बैठाकर सेक्टर - 7 भिलाई ले गए और मारपीट की पुलिस ने 6 बदमाशों को किया गिरफ्तार = प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू किया. इस दौरान मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी राहुल सिंह, वंश कुमार प्रसाद, प्रिंस सिंह, अंतिम कुमार ठाकुर, प्रिंस पाल और लक्की भट्ट को गिरफ्तार किया है सभी आरोपी भिलाई सेक्टर 7 के निवासी हैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि जामुल थाना में एक केस दर्ज हुआ था, जिसमें 6 लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति का आपहरण कर लिया और उसके साथ मारपीट की. शिकायत मिलते ही पतासाजी कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है

पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार जामुल पुलिस इस केस के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं के तहत आगे कार्रवाई कर रही है पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है. उन्होंने बताया कि प्रार्थी प्रभजोत सिंह का दोस्त शशांक सिंह से आरोपी राहुल का पहले से विवाद था, जिसके कारण उक्त घटना को उन्होंने अंजाम दिया पुलिस ने आरोपी का शहर में जुलूस भी निकला गया।

## एक नजर

### आदर्श आचरण संहिता लागू, संपत्ति विरूपण पर सख्ती के निर्देश

**महासमुंद,23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत आम चुनाव 2024-25 की समय-सारणी जारी कर दी है। साथ ही राज्य में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार के दौरान संपत्ति विरूपण को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 के तहत किसी भी शासकीय या अशासकीय संपत्ति को बिना स्वामी की लिखित अनुमति के विरूपित करना दंडनीय अपराध है। ऐसा करने वाले व्यक्ति पर 1000 रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। यह अपराध संज्ञेय श्रेणी में आता है, और इसके लिए कठोर कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार द्वारा निजी संपत्ति को स्वामी की अनुमति के बिना विरूपित किया जाता है, तो संपत्ति स्वामी संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कर सकता है। इसके बाद गठित टीम कार्रवाई करेगी। पुलिस विभाग ऐसे मामलों की जांच कर आरोप पत्र सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। चुनाव प्रचार के लिए किसी भी धार्मिक स्थल का उपयोग करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। आयोग द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यदि कोई व्यक्ति या दल संपत्ति विरूपण में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सार्वजनिक और निजी संपत्ति की गरिमा बनाए रखने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उठाए गए ये कदम चुनाव को निष्पक्ष और अनुशासन पूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में संपत्ति विरूपण रोकने के लिए टीम गठित का गठन किया गया है। टीम में नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शामिल है। टीम का गठन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और मुख्य नगर पालिका अधिकारी या जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समन्वय से किया गया है। टीम द्वारा सघन निरीक्षण कर विरूपित संपत्ति को, संपत्ति विरूपण करने वाले के व्यय पर पूर्व स्वरूप में लाएगी तथा टीम द्वारा संपत्ति विरूपण करने वाले तत्वों के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी द्वारा संपत्ति विरूपण से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की जाएगी। संबंधित टीम शिकायत या उन्हें प्राप्त संपत्ति विरूपण के प्रकरणों को पृथक पंजी में दर्ज करेगी एवं निर्वाचन व्यय दल को अवगत कराएगी।

### जिले में स्थित समस्त सर्किट हाउस के लिए निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक एसडीएम अधिकृत

**बीजापुर 23 जनवरी ।** नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्वाचन निर्देश पुस्तिका वर्ष 2024 के कंडिका 7 को ध्यान में रखते हुए जिले में स्थित सर्किट हाऊस, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग के विश्राम गृहों के आरक्षण हेतु निर्वाचन की कार्यवाही समाप्त होने तक संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपटनम एवं उसूर को अधिकृत किया गया है।

### अवैध शराब संग्रहण व वितरण की रोकथाम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर 23 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव- 2025 के संबंध में निर्वाचन के लिए 20 जनवरी 2025 को राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा अधिसूचना जारी कर दिया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति 25 फरवरी 2025 तक शराब के अवैध संग्रहण, वितरण, चौर्यनयन के रोकथाम के लिए श्री अभिषेक तिवारी जिला आबकारी अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### डीजल व पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने निर्देश जारी

**बीजापुर 23 जनवरी ।** नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 की तिथियों की घोषणा छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा की जा चुकी है। निर्वाचन कार्य के दौरान कर्मचारी एवं अधिकारियों के परिवहन एवं सामग्री के परिवहन हेतु वाहनों का प्रयोग होगा जिसके लिए पेट्रोल व डीजल की आवश्यकता होगी। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर कहा गया है कि जिले के समस्त प्रोपराईटर डीजल व पेट्रोल पम्प संचालक निर्वाचन अवधि तक पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित रखेंगे। पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध न होने की दशा में छ0ग0 मोटर स्पिरिट एवं हाई डीजल आयल (अनुज्ञापन एवं नियंत्रण) आदेश 1980 के तहत् जारी अनुज्ञप्ति की शर्त का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण उत्तरदायित्व पम्प संचालक का होगा।

### होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर लगाने के लिए नियमानुसार स्वीकृति अनिवार्य

**बीजापुर 23 जनवरी ।** नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन- 2025 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इस अवधि में नगरपालिका क्षेत्र बीजापुर हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् बीजापुर तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों व प्रतिनिधि के द्वारा होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर लगाने हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकृत किया गया है।

# क्षेत्र क्रमांक-5 में पाण्डुका अंचल की संपन्न घर की दोनों बहू आमने-सामने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम/पांडुका, 23 जनवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आचार संहिता लग चुका है अब प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई और जोड़-तोड़ की राजनीति उठा पटक, मनाने समझाने और कौन लड़ेगा और किसे लड़ाना है। यह सब गांव गांव में चालू हो गया ऐसे में जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 5 में इस बार खास होने वाला है। क्योंकि गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने की वजह से यह मुकाबला दिलचस्प हो गया है।और केवल जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 ही अनुसूचित जाति महिलाओं के लिए आरक्षित है। ऐसे में विकासखंड छुरा में दो जिला पंचायत क्षेत्र है ।जिसमे 04 जो आदिवासी महिला के लिए आरक्षित हैं और क्षेत्र क्रमांक 05 जो अनारक्षित महिला है ।ऐसे में क्षेत्र क्रमांक 05 कई मायनो में खास अहमियत रखता है। क्योंकि गरियाबंद जिला पंचायत की प्रथम अध्यक्ष श्वेता शर्मा दो बार से यहां जीत हासिल कर प्रथम अध्यक्ष बनने का सम्मान प्राप्त कर अंचल का मान बढ़ा चुकी है। ऐसे में इस बार फिर पाण्डुका अंचल की संपन्न घर की दोनो बहु का नाम मुख्य रूप से उम्मीदवारी को लेकर चर्चा में चल रहा है । जिसमें पाण्डुका अंचल के बड़े ग्राम पोंड निवासी रजनी सतीश चौरे जो की वर्तमान में जनपद पंचायत छुरा के वन सभापति है।दूसरी ग्राम अतरमरा निवासी



शिवांगी चतुर्वेदी जो की ग्राम पंचायत में उप सरपंच के पद पर आसीन है। और दोनों प्रत्याशी बड़े राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी से जुड़ी हुई है।हाला की पंचायत चुनाव में राजनीतिक पार्टी के बेस पर नहीं लड़ी जाती केवल स्थानीय मुद्दे और स्थानीय पहचान के बलबूते यह चुनाव ग्रामीण क्षेत्रों में खास मायने रखता है।ऐसे में अगर शिवांगी चतुर्वेदी बाजी मार लेती है तो केवल वह सदस्य बनकर या अन्य कोई सभापति का पद मिल सकता है। पर इसके बजाय अगर रजनी सतीश चौरे यह चुनाव जीतती है तो उसके लिए जिला पंचायत अध्यक्ष बनने का एक मौका मिल सकता है। हालांकि यह तो समय बताएगा इतना आसान नहीं होगा पर अंचल के मतदाताओं के मन में अभी यही बातें चल रही है कि किसे जिताना है।ये तो मतदाता ही तय करेंगे पर एक बार पांडुका अंचल सहित क्षेत्र क्रमांक 5 के मतदाताओं के लिए यह एक अवसर कहा जा सकता है । जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष चुनेने का मौका मिल रहा है।तो अधिकतर लोगों की दिमाग में यही बातें चल रही है ।सीधी और शांत स्वभाव के रजनी सतीश चौरे पोंड निवासी सतीश चौरे की पत्नी है। जो सालों से राजनीति में सक्रिय और अपने समाज के जिलाध्यक्ष भी है। साथ ही अतरमरा निवासी शिवांगी चतुर्वेदी तेज तर्रार महिला नेत्री है। जिसका लाभ भविष्य में क्षेत्र वासियों को मिलेगा पति शासकीय सेवक है। और इनके परिवार को लंबा राजनीतिक अनुभव है।ऐसे में दोनों उम्मीदवारों में ही मुकाबला होना है।अब मतदाताओं को ही सोचना है कि किसे जिताना है अभी तक दोनों प्रत्याशी का नाम क्षेत्र क्रमांक 5 में प्रबल दावेदारी के रूप में चल रहा है। अभी कोई और उम्मीदवार का नाम सामने नहीं आया पर नामांकन दाखिल करने से पहले और कोई इसमें दावेदारी ठोक सकता है जो अभी स्पष्ट नहीं है। धीरे-धीरे समय नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे राजनीतिक हवाएं तेज चल रही है प्रत्याशी सहित मतदाताओं को भी अपने नेता चुनने में असमंजस की स्थिति हो सकता है। क्योंकि दोनों प्रत्याशी अपने आप में मजबूत और प्रबल दावेदार है और दोनों ही प्रत्याशी योग्य उम्मीदवार है। तथा जनता जनार्दन ही तय करेगा की किसके सर ताज सजेगा।

# 6 नगरीय निकायों के 1 लाख 3 हजार 692 मतदाता करेंगे मतदान

**महासमुंद।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया से प्रारंभ हो गई। चुनाव की सूचना का प्रकाशन सुबह 10ः30 बजे किया गया, जिसमे सीटों के आरक्षण और मतदान केंद्रों की सूची शामिल है। चुनाव में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज से आरंभ हो चुकी है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 है। इसके बाद नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरी को होगी और प्रत्याशी अपना नाम 31 जनवरी तक वापस ले सकते हैं। चुनाव प्रक्रिया के तहत मतदान 11 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा 15 फरवरी 2025 को की जाएगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू ने बताया कि महासमुंद जिले के अंतर्गत आने वाले 06 नगरीय निकायों में कुल 105 वार्ड शामिल है। नगरीय निकाय अंतर्गत 03 नगर पालिका परिषद महासमुंद, बागबाहरा व सरायपाली तथा 03 नगर पंचायत तुमगांव, बसना एवं पिथौरा शामिल है। वर्तमान में नगरीय निकाय अंतर्गत मतदाताओं की कुल संख्या एक लाख 03 हजार 692 है, जिसमे पुरुष मतदाता 49 हजार 408 तथा महिला मतदाता 54 हजार 271 और तृतीय लिंग अंतर्गत 13 मतदाता शामिल है। जिसमे नगर पालिका महासमुंद अंतर्गत 30 वार्डों में 47 हजार 178 मतदाता है, इनमे पुरुष मतदाता 22 हजार 254, महिला मतदाता 24 हजार 915 व तृतीय लिंग मतदाता 09 है। इसी तरह बागबाहरा अंतर्गत 15 वार्डा में 15 हजार 887 मतदाता है, जिसमे पुरुष मतदाता 07 हजार 617, महिला मतदाता 08 हजार 266 व तृतीय लिंग मतदाता 04 है। नगर पालिका सरायपाली अंतर्गत 15 वार्डों में 17 हजार 175 मतदाता है, जिसमे 08 हजार 348 पुरुष मतदाता व 08 हजार 827 महिला मतदाता है। इसी तरह नगर पंचायत तुमगांव अंतर्गत 15 वार्डों में 06 हजार 126 मतदाता शामिल है, जिसमे पुरुष मतदाता 02 हजार 997 व महिला मतदाता 03 हजार 129, बसना अंतर्गत 15 वार्डा में 09 हजार 927 मतदाता है, जिसमे पुरुष मतदाता 04 हजार 596 व महिला मतदाता 05 हजार 331 एवं नगर पंचायत पिथौरा अंतर्गत 15 वार्डों में 07 हजार 399 मतदाता है, जिसमे 03 हजार 596 पुरुष मतदाता एवं 03 हजार 803 महिला मतदाता शामिल है।

### विभिन्न वार्डों से पार्षद पद के लिए 14 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र

**रायगढ़, 25 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में 22 जनवरी से नगरीय निकायों के लिए नाम निर्देशन प्रक्रिया शुरू हो गई। जिसमें रायगढ़ नगर निगम अंतर्गत पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 9 के लिए 02 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 10 के लिए 01, वार्ड क्रमांक 24 के लिए 01, वार्ड क्रमांक 26 के लिए 02, वार्ड क्रमांक 29 के लिए 01, वार्ड क्रमांक 32 के लिए 01, वार्ड क्रमांक 33 के लिए 01, वार्ड क्रमांक 42 के लिए 01, वार्ड क्रमांक 43 के लिए 01, वार्ड क्रमांक 45 के लिए 01, वार्ड क्रमांक 47 के लिए 01 एवं वार्ड क्रमांक 48 के लिए 01 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया।

नगर पालिका खरसिया में वार्ड क्रमांक 11 में पार्षद के लिए 01, नगर पंचायत घरघोड़ा में वार्ड क्रमांक 6 एवं 14 में पार्षद के लिए 01-01 तथा अध्यक्ष पद के लिए 01 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। नगर पंचायत पुसौर, किरोड़ीमल नगर, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ में निरंक रहा।

# बैठक में राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी गई



**बीजापुर 23 जनवरी ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत आदर्श आचरण संहिता एवं निर्वाचन संबंधी जानकारी देने हेतु राजनैतिक दलों एवं क्षेत्रीय दलों की बैठक सभागृह में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संबित मिश्रा के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता की जानकारी दी गई। निर्वाचन की सम्पूर्ण महत्वपूर्ण तिथियां जैसे नाम निर्देशन की अंतिम तिथि, नाम वापसी एवं मतदान दिवस की जानकारी खण्डवार राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया की नगरपालिका का निर्वाचन ईवीएम से एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन मतपेटी के माध्यम से होगा। नगरपालिका निर्वाचन हेतु व्यय की सीमा एवं समय पर व्यय लेखा प्रस्तुत करने की जानकारी भी दी गई।नगरपालिका निर्वाचन 01 चरण में 11 फरवरी 2025 को होगा। त्रिस्तरीय पंचायत तीन चरण में से प्रथम चरण में बीजापुर 17 फरवरी 2025 को, द्वितीय चरण भोपालपटनम एवं उसूर में 20 फरवरी 2025 को एवं तृतीय चरण में भैरमगढ़ 23 फरवरी 2025 को सम्पन्न होगा।उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल द्वारा नगरपालिका निर्वाचन के ईव्हीएम के प्रयोग की सम्पूर्ण जानकारी दी गई एवं वार्डो में ईवीएम का डेमोस्ट्रेशन कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही गई।आदर्श आचरण संहिता के दौरान बैनर, पोस्टर लगाने निजी घरों के उपयोग सभा आदि के आयोजन वाहनों के उपयोग आदि की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल द्वारा दी गई। पार्षद एवं अध्यक्ष के लिए नॉमिनेशन की फीस व्यय की अधिकतम सीमा व्यय लेखा प्रस्तुत करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया से राजनैतिक दलों को दी गई।

### सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस आदि में नहीं ठहर सकेंगे दलों के पदाधिकारी

**बीजापुर 23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा 20 जनवरी 2025 को नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही नगर पालिका परिषद् बीजापुर एवं जिले के समस्त पंचायतों के परिक्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। प्रावधानुसार निर्वाचन की घोषणा होने की तिथि 20 जनवरी 2025 से निर्वाचन समाप्ति की तिथि के मध्य कोई भी राजनैतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विश्राम भवनों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस, छत्तीसगढ़ भवन आदि में चुनाव प्रचार-प्रसार अथवा राजनैतिक उद्देश्य से न तो ठहर सकते हैं और न ही वहां पर राजनैतिक गतिविधियां कर सकते है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संबित मिश्रा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पात्रतानुसार तथा उपलब्धतानुसार उन्हें विश्राम भवनों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस छत्तीसगढ़ भवन आदि में कक्ष उपलब्ध कराया जा सकता है, किन्तु इस हेतु पात्रतानुसार ठहरने वाले व्यक्ति से निर्धारित राशि जमा कराकर विधिवत रसीद दी जाये। टेलीफोन हेतु पृथक रजिस्टर रखा जाये तथा किये गये काल हेतु निर्धारित राशि तुरन्त प्राप्त कर ली जाए साथ ही भोजन इत्यादि की व्यवस्था न की जाए इसके अतिरिक्त किसी प्रकार की राजनैतिक बैठक अथवा विचार विमर्श नहीं करने दिया जावे। एक रजिस्टर रखा जाए जिसमें आगन्तुक का नाम, पता, ठहरने का प्रयोजन ली गई राशि इत्यादि का समस्त ब्यौरा अंकित किया जावे। जब कभी भी प्रेक्षक या निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी उपरोक्त अभिलेखों की मांग करते है तो उन्हें अवलोकन हेतु अभिलेख उपलब्ध कराया जावे।शासकीय-अर्द्धशासकीय विश्राम भवनों, गेस्ट हाउस, रेस्ट हाउस, ऑफिसर्स में आरक्षण इस नगर पालिका परिषद् बीजापुर एवं जनपद पंचायत बीजापुर के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर तथा जनपद पंचायत क्षेत्र भैरमगढ़, भोपालनपटनम, उसूर के लिए संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

# राजिम कुंभ कल्प भव्य तरीके से आयोजन करने बैठक में चर्चा की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 23 जनवरी।** राजिम कुंभ कल्प 2025 के आयोजन के संबंध में आज महत्वपूर्ण बैठक राजिम के सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में रायपुर संभाग आयुक्त श्री महादेव कावरे, कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल सहित धमतरी एवं रायपुर सहित गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में राजिम कुंभ कल्प मेला भव्य तरीके से आयोजित करने विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बार नया मेला स्थल में राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। नया मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। वहां पर मुख्य मंच बनाए जाएंगे। साथ ही दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा हेलीपैड भी बनाया जाएगा। बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे एवं कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द शुरू कर 5 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री कावरे ने



रायपुर, धमतरी सहित गरियाबंद जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में समन्वय कर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में पर्यटन विभाग के महाप्रबंधक श्री वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ श्री घासीदास मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र चन्द्राकर, संयुक्त संचालक कृषि श्री गयाराम, उप संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग श्री प्रतापचंद पारख, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस.के. बर्मन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री रामेश्वर सिंह, पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री विप्लव घृतलहरे, उप संचालक कृषि श्री चंदन रॉय सहित वरिष्ठ, डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड़, सजावट, लाईटिंग, शौचालय, हाईमास्ट लाईट, कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल के लिए पाईप लाईन, बस स्टैंड से नवीन मेला स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए निर्धारित शुल्क पर बस की व्यवस्था, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य सुविधाएं, नया मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र, दुकानों का व्यवस्था, फूड जोन, वन विभाग को बांस बल्ली की व्यवस्था, जलाऊ लकड़ी, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण के लिए घास की व्यवस्था, पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था, साफ सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की व्यवस्था तथा मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफ सफाई के निर्देश दिए गए। बैठक पश्चात आयुक्त श्री महादेव कावरे एवं कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने अधिकारियों सहित नए मेला स्थल पहुंचकर विभिन्न आयोजनों के लिए निर्धारित स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने नये मेला स्थल में पहुंचकर ले आउट का अवलोकन करते हुए मंच व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग, मीना बाजार, फूड जोन, कन्ट्रोल रूम, आम नागरिकों के लिए आवागमन एवं हेलीपैड स्थल, राजीव लोचन मंदिर, संत संमागम एवं गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल में आने के लिए नदी किनारे बन रहे सड़क के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### आदर्श आचरण संहिता का पालन करवाने टीम गठित

**बीजापुर 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के संदर्भ में राजनैतिक दल, प्रत्याशी, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी 2025 को जारी आदर्श आचरण संहिता के पालन करवाने हेतु उनके क्षेत्र अंतर्गत स्पष्ट टीम का गठन किया गया है। जिसके तहत नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु नगरपालिका परिषद बीजापुर के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बीजापुर को अध्यक्ष एवं तहसीलदार बीजापुर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बीजापुर एवं थाना प्रभारी बीजापुर को सदस्य बनाया गया है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु जनपद पंचायत बीजापुर के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बीजापुर को अध्यक्ष एवं तहसीलदार बीजापुर, गंगालूर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीजापुर को सदस्य बनाया गया है। जनपद पंचायत भैरमगढ़ के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भैरमगढ़ को अध्यक्ष एवं तहसीलदार भैरमगढ़ तथा कुटरू एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैरमगढ़ एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को सदस्य। जनपद पंचायत भोपालपटनम के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भोपालपटनम को अध्यक्ष एवं तहसीलदार भोपालपटनम तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भोपालपटनम एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को सदस्य। जनपद पंचायत उसूर के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उसूर को अध्यक्ष एवं तहसीलदार उसूर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उसूर एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को सदस्य बनाया गया है।

### माओवादियों के ट्रेनिंग कैम्प पर जवानों का कब्जा



**बीजापुर 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले में पीएलजीए बटालियन नं.01 के कोर क्षेत्र भट्टीगुड़ा के जंगलों में माओवादियों ने अत्याधुनिक तरीके से बना रखा था ट्रेनिंग कैम्प दिनांक 21/01/2025 को कोबरा 201, 204 एवं 210 की संयुक्त कार्यवाही में जवानों ने माओवादियों के ट्रेनिंग कैम्प में धावा बोलकर कैम्प को अपने कब्जे में ले लिया,साथ ही ट्रेनिंग कैम्प में बने स्मारक को भी ध्वस्त कर दिया।ट्रेनिंग कैम्प में माओवादियों ने ऊंचे वृक्षों को भी ट्रेनिंग के लिए कर रखा था तैयार, ट्रेनिंग के लिए बनाए गए थे ट्रेंच एवं जुटाए गए थे अन्य संसाधन ट्रेनिंग स्थल पर माओवादियों के द्वारा बनाये गये थे पक्के बैरक और झोपड़ियां । यह कार्रवाई माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की एक महत्वपूर्ण कार्रवाई है, जो उनके अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए की गई है। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से माओवादियों को एक मजबूत संदेश दिया गया है कि उनकी अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### विस्फोटक सामग्री सहित 3 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 19/01/2025 को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत हिरमागुंडा, मल्लूर, नैनपाल के जंगल में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की स्थानीय सूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान से वापसी के दौरान ग्राम नैनपाल के जंगल से 03 संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध पुलिस पार्टी को देखकर लुकछीप कर भागने का प्रयास कर रहे थे, जो पूछताछ पर अपना नाम 1.सन्नू पोटाम पिता स्व0 सुक्कू पोटाम उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरचोली पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर 2.राजू पोटाम पिता बुदरू पोटाम उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरचोली पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर 3.सुकराम उईका ऊर्फ हेमा ऊर्फ रमेश पिता स्व0 मासा उईका उम्र 45 वर्ष निवासी कमकानार तेलगापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादियों की तलाशी मे पास रखे थैला में 01 नग 03 किलोग्राम टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार, बैटरी, सेफ्टी फ्यूज, पटाखा बरामद किया गया। माओवादियों से उक्त प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री के परिवहन के सबंध में पूछे जाने पर किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नही होना बताये।मौके पर उपरोक्त के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही करते हुऐ बरामद सामग्री को कब्जे में लिया गया एवं उपरोक्त माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त दिनांक 21.01.2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

### सुरक्षा बलों ने माओवादियों के नापाक मंसूबों को किया विफल

**बीजापुर 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत



डीआरजी बीजापुर, बीडीएस बीजापुर, 85 वी ,199 वी वाहिनी केरिपु, कोबरा 205 एवं कोबरा 210 की बीडीएस टीम ने मुतवेंडी से पीड़िया जाने वाले मार्ग पर अलग अलग स्थानों में डिमाईनिंग ड्यूटी के दौरान 05-05 किग्रा के 08 आईईडी किया बरामद डीआरजी बीजापुर, बीडीएस बीजापुर, 85 वी, 199 वी वाहिनी केरिपु, कोबरा 205, कोबरा 210 की बीडीएस टीम एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाईनिंग ड्यूटी पर निकली थी। ड्यूटी के दौरान मुतवेंडी से पीड़िया जाने वाले मार्ग में अलग अलग स्थानों से माओवादियों के द्वारा लगाये गये 05-05 किग्रा के 08 आईईडी बरामद किया गया। बीडीएस टीम द्वारा बरामद आईईडी को मौके पर सुरक्षित नष्ट किया गया।माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाए गये थे। सुरक्षा बलों से माओवादी संगठन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, विगत कुछ महीनों में माओवादियों को हुए नुकसान के चलते माओवादी बौखलाहट एवं तिलमिलाहट में अंदरूनी पहुंच मार्गो, पगडंडी मार्गों में आईईडी लगाकर सुरक्षा बलो को क्षति पहुचाने का प्रयास कर रहे है, जिसका शिकार कभी आम जनता तो कभी बेजुबान पशु भी हो रहे है। क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलो की सतर्कता एवं सूझबूझ से माओवादियों के नापाक मंसूबो को विफल किया जा रहा है। सुरक्षा बलों के द्वारा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं।

### आमसभा, रैली के लिए अनुमति देने अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन -2025 के लिए 20 जनवरी 2025 को आदर्श आचार संहिता लागु होने के साथ-साथ नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के लिए मतदान तथा मतगणना किया जाना है। आचार संहिता के प्रभावशील अवधि में छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम 1985 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाऊड स्पीकर) के उपयोग के संबंध में जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेश के संदर्भ में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए निर्वाचन संचालन हेतु वाहन, माईक, लाऊड स्पीकर, पार्टी अथवा अभ्यर्थी द्वारा कार्यालय खोलने तथा आमसभा, रैली इत्यादि की नियमानुसार अनुमति देने हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जांच, कार्रवाई कर न्यायालय में आरोपियों को सजा दिलाने वाले

# 16 पुलिस कर्मियों को एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 जनवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्यवाही पश्चात न्यायालय द्वारा अलग-अलग मामलों में आरोपियों को कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है। अपनी तत्परता एवं उत्कृष्ट जांच विवेचना कार्यवाही से आरोपियों को न्यायालय से सजा दिलाने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सम्मानित पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के नाम

निरीक्षक केसर पराग बंजारा- थाना लवन में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 306/2023 धारा 341, 294, 323, 506, 354 भादवि 08 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) बलौदाबाजार द्वारा विचारण पश्चात अभियुक्त थानेश्वर साहू को प्रकरण में दोषी पाकर न्यायालय उठने तक की सजा एवं ?100 अर्थदंड से दंडित किया गया।

निरीक्षक रघुवीर ठाकुर- थाना कसडोल में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 956/2022 धारा 452, 376, 506, भादवि 04, 06 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) बलौदाबाजार द्वारा विचारण पश्चात प्रकरण के अभियुक्त दिलीप कैवर्त 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं ?5000 अर्थदंड से दंडित किया गया।

निरीक्षक लखेश केंवट- थाना कसडोल में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 561/2023 धारा 363, 366, 376, (3) भादवि 04 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) बलौदा बाजार द्वारा विचरण पश्चात प्रकरण के अभियुक्त अजय साहू को दोषी पाकर आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया

सहायक उप निरीक्षक राजेश सेन- थाना पलारी में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 600/2023 धारा 354, 354(क), 354(घ)भादवि, 08 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) बलौदाबाजार द्वारा विचरण पश्चात अभियुक्त उमेश्वर उर्फउमेश ध्रुव को प्रकरण में दोषी पाकर 03 वर्ष आश्रम कारावास एवं ?10000 अर्थदंड से दंडित किया गया।

सहायक उप निरीक्षक अश्वनी पडवार- थाना कसडोल में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 354/2015 धारा 302, 323 भादवि के प्रकरण में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार द्वारा विचरण पश्चात



प्रकरण के अभियुक्त नकुल कैवर्त को प्रकरण में दोषी पाकर आजीवन कारावास से दंडित किया गया।

सहायक उप निरीक्षक सुनील खूंटे एवं प्रधान आरक्षक धनंजय यादव- थाना लवन में पंजीबद्ध अपराध क्र. 268/2023 धारा 294, 506बी, 323, 307, 325 भादवि के प्रकरण में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार द्वारा प्रकरण के अभियुक्त मिथिलेश कुमार पटेल को प्रकरण में दोषी पाकर 03 वर्ष सश्रम कारावास एवं ?5000 अर्थदंड से दंडित किया गया।

सहायक उप निरीक्षक ईश्वर टोप्पो- थाना भाटापारा ग्रामीण में पंजीबद्ध अपराध क्र. 572/2023 धारा 302 भादवि के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार द्वारा प्रकरण के अभियुक्त दुर्गेश पाल को दोषी पाकर 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं ?1000 अर्थदंड से दंडित किया गया।

सहायक उप निरीक्षक विष्णु टंडन- थाना सिमगा में पंजीबद्ध अपराध क्र. 361/2023 धारा 363, 366, 376 भादवि 04, 06 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) भाटापारा द्वारा विचारण पश्चात अभियुक्त घनश्याम निषाद को प्रकरण में दोषी पाकर 03 माह कारावास एवं ?500 अर्थदंड से दंडित किया गया।

सहायक उप निरीक्षक कमल किशोर देवांगन एवं संजीव सिंह- थाना पलारी में पंजीबद्ध अपराध क्र. 238/2023 धारा 363, 366, 376, 360 भादवि 06 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में और सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) बलौदाबाजार द्वारा विचारण पश्चात प्रकरण के अभियुक्त सीप्पू भटनागर को प्रकरण में दोषी पाकर आजीवन कारावास से दंडित किया गया है।

सहायक उप निरीक्षक जीवन लाल वर्मा- थाना लवन में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 112/2023 धारा 363, 366, 376(2), 34 भादवि 06 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) बलौदाबाजार द्वारा विचारण पश्चात प्रकरण के अभियुक्त मनोज राजपूत एवं एक अन्य को दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया।

प्रधान आरक्षक 159 संत कुमार बिंझवार- थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र. 229/2023 धारा 294, 506, 436 भादवि के प्रकरण में सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार द्वारा विचारण पश्चात प्रकरण के अभियुक्त नंदकुमार पटेल को दोषी पाकर 295 दिवस कारावास एवं ?500 अर्थदंड से दंडित किया गया।

प्रधान आरक्षक 63 मोहम्मद अरशद खान- थाना पलारी में पंजीबध्द अपराध क्रमांक 333/2023 धारा 363, 366, 376, 34 भादवि 08 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) बलौदाबाजार द्वारा विचारण पश्चात प्रकरण के अभियुक्त विनोद एवं एक अन्य को प्रकरण में दोषी पाकर 10 वर्ष आश्रम कारावास एवं ?1000 अर्थदंड से दंडित किया गया।

महिला प्रधान आरक्षक 242 गंगोत्री ध्रुव- 01. थाना पलारी के अपराध क्रमांक 443/2023 धारा 294, 323, 506, 354, 456 भादवि एवं 08 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) बलौदाबाजार द्वारा विचारण पश्चात प्रकरण के अभियुक्त ईश्वर कन्नौजे को दोषी पाकर 05 वर्ष सश्रम कारावास एवं ?2000 अर्थदंड से दंडित किया गया है।

02.थाना सिटी कोतवाली में पंजीबद्ध अपराध क्र. 245/2022 धारा 363 भादवी 04, 17 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) बलौदाबाजार द्वारा विचारण पश्चात अभियुक्त नर्मदा दास महंत को प्रकरण में दोषी पाकर 07 वर्ष आश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।

प्रधान आरक्षक 243 अमोल सिंह कंवर- थाना सिटी कोतवाली में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 1002/2023 धारा 363, 366, 376(2)(एन) भादवि 06 पाक्सो एक्ट के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) बलौदाबाजार द्वारा विचारण पश्चात अभियुक्त रोहित अढोलिया को प्रकरण में दोषी पाकर आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### शोभा ने एफएमजीई परीक्षा पास कर किया नगर का नाम रौशन



**तिल्दा-नेवरा, 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा की रहने वाली शोभा रानी की प्रारंभिक शिक्षा कार्मल स्कूल से प्रारंभ हुई ये शुरू से ही मेधावी छात्र रही है उसके बाद सेंचुरी सीमेंट बैकुंठ से शिक्षा प्राप्त कर एमबीबीएस करने फिलिपींस चली गई थी वहां इन्होंने एमबीबीएस के डिग्री प्राप्त की आपको बता दें कि उनके पिता डॉक्टर बीके विश्वास भी एक सफल और नामी डॉक्टर है

विदेशी यूनिवर्सिटी से डिग्री लेकर लौटे छात्रों को भारत में मेडिकल प्रैक्टिस करने के लिए FMGE की परीक्षा पास करना अनिवार्य है. शोभा रानी फिलिपींस से MBBS की डिग्री लेकर भारत आई और जयपुर से कोचिंग किया और पहले ही प्रयास में एफएम जी ई में सफलता प्राप्त कर नगर का का नाम रौशन किया

एफएमजीई यानी फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम को हिंदी में विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा कहा जाता है. यह एक तरह का स्क्रीनिंग टेस्ट है. जो विदेश से मेडिकल की डिग्री लेने वाले उन लोगों के लिए जरूरी है, जो भारत में मेडिकल की प्रैक्टिस करना चाहते हैं. यह मेडिकल की प्रैक्टिस के लिए लाइसेंस है. बता दें कि एफएमजीई टेस्ट पास करना काफी कठिन होता है। इस परीक्षा का रिजल्ट करीब 20-25 फीसदी ही रहता है.

एफएमजीई परीक्षा की कठिनाई का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि आवेदन करने वाले कुल स्टूडेंट्स में से करीब 70% इसमें फेल हो गए हैं डाक्टर शोभा रानी के स्नख्लश्च की परीक्षा पास करने पर उनके पिता डाक्टर बीके विश्वास, माता ,मित्रों एवं परिवार जनों में खुशी का माहौल है डाक्टर शोभा रानी ने कहा कि आप सभी परिवारजन माता-पिता एवं मित्रों के आशीर्वाद से या मुकाम हासिल हुआ है उनकी इस सफलता पर शहर के डॉक्टरों ने उन्हें शुभकामनाएं और उज्जवल भविष्य की कामना की है

## एक नजर

### नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से गणेश साहू प्रबल दावेदार

**कसडोल, 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी नगरीय निकाय चुनाव



का बिगुल बज गया है जिसमे नगर पंचायत कसडोल में अध्यक्ष चुनाव के लिए युवा चेहरा गणेश साहू प्रबल दावेदार के रूप में हैं, उन्होंने ने पूर्व में भी कसडोल नगर पंचायत में पार्षद का चुनाव लड़ा था और कड़ी टक्कर भी दी थी कसडोल की जनता का आशीर्वाद हमेशा उनके ऊपर बना रहा है तथा वे हमेशा जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं सांथ ही वे सामाजिक व धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रशर रहते हैं। उन्होंने कसडोल नगर में हिन्दू नववर्ष व श्रीराम नवमी पर्व पर सनातन हिन्दू धर्म जागरण हेतु श्रीराम शोभा यात्रा प्रारंभ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है सांथ ही वो पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कई पदों का निष्ठापूर्ण निर्वाहन किया व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवक रहे हैं और सांथ ही सामाजिक दायित्वों का भी निष्ठापूर्ण निर्वहन किया है, और आज वर्तमान में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा बलौदाबाजार में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्ण निर्वहन कर रहे हैं। इसके साथ ही गणेश साहू का कहना है कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व मुझ पर विश्वास कर प्रत्यासी बनाती है तो निश्चित ही कसडोल नगर की जनता का सहयोग और आर्शीवाद भरपूर मिलेगा और कसडोल नगर पंचायत में कमल खिलेगा।

### शराब की अवैध बिक्री करने वाले 2 कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 22.01.2025 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा पहंदा रोड तिराहा बलौदाबाजार एवं ग्राम बम्हनमुडी में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?5400 कीमत मूल्य का 30 पाव देशी मसाला शराब एवं 10.500 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।

आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में क्रमशः अपराध क्र. 75, 76/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम अनिल कुमार डहरिया उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पहंदा थाना सिटी कोतवाली सनत मनहरे उम्र 65 वर्ष 06 माह निवासी ग्राम बम्हनमुडी थाना सिटी कोतवाली है।

## जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

# श्री सीमेंट सयंत्र का एएफआर एरिया सील





- कलेक्टर -एसपी पहुंचे खपराड़ीह, स्कूल व अस्पताल में छात्रों की स्थिति का लिया जायजा
- पीड़ित छात्रों के बेहतर इलाज सहित पढ़ाई के लिए समुचित व्यवस्था के भी निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 जनवरी।** सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत खपराडीह के स्कूली बच्चों का अचानक तबियत ख़राब होने की सूचना मिलते ही कलेक्टर श्री दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल बुधवार को खपराडीह पहुंचे। उन्होंने हायर सेकेण्डरी स्कूल खपराडीह में बच्चों तथा शिक्षकों से मिलकर जानकारी ली।बच्चों ने बताया कि सयंत्र से निकलने वाली गैस की दुर्गन्ध के कारण बेचैनी, घबराहट की समस्या हो रही है। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला में भर्ती पीड़ित छात्रों एवं अभिभावकों से मिले और अस्पताल में मौजूद चिकित्स्कों से जानकारी लेकर बेहतर ईलाज के निर्देश दिए। 18 पीड़ित छात्रों में से 12 को सीएचसी सुहेला में तथा 6 को बलौदाबाजार एवं भाटापारा के अस्पताल में स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल श्री सीमेंट सयंत्र के एएफआर एरिया को सीलबंद करने की कार्यवाही की गई।

कलेक्टर ने श्री सीमेंट सयंत्र के अल्टरनेट फ्यूल रिसोर्स सेंटर के प्रमुख से पूछ- ताछ की और सुरक्षा के सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि पर्यवारण संरक्षण मण्डल रायपुर तथा औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग की टीम पहुँच गई है जो सयंत्र के एएफआर की जांच करेगी।इसके साथ ही वायु प्रदुषण स्तर की भी जांच करने के साथ निगरानी करेगी।उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को छात्रो के पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए अन्य स्थान पर पढ़ाई के वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।


गौरतलब है कि ग्राम खपराडीह में हायर सेकेण्डरी स्कूल से करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर श्री सीमेंट सयंत्र स्थापित है। इस सयन्त्र से निकलने वाली गैस की दुर्गन्ध के कारण स्कूल आने वाले कुछ छात्रों की तबीयत ख़राब होने की आशंका जताई जा रही है।

इस दौरान एसडीएम अंशुल वर्मा, उप संचालक खनिज कुंदन कुमार बंजारे, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## चाइनीज मांझा को लेकर पर प्रशासन सख्त, टीम ने दुकानों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 जनवरी।** पतंग में उपयोग किये जाने वाले खतरनाक चाइनीज मांझे की बिक्री को लेकर जिला प्रशासन कड़ाई से निगरानी कर रही है।कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर नगरपालिका एवं राजस्व की टीम द्वारा मंगलवार एवं बुधवार को बलौदाबाजार, भाटापारा, पलारी सहित जिले के अन्य शहरों के बाजारों और पतंग दुकानों का निरीक्षण किया गया। टीम को किसी दुकान में चाइनीज मांझे बेचने या दुकान में रखे जाने की पुष्टि नहीं मिली। दुकानदारों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि वे चाइनीज मांझे की बिक्री न करें। चाइनीज मांझे की बिक्री करते हुए पाया गया तो सबंधित दुकान पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पतंग उड़ाने के लिए दो तरह के मांझे का इस्तेमाल किया जाता है।पहला सूती मांझा और दूसरा चाइनीज मांझा।सूती मांझे की तुलना में चाइनीज मांझा ज्यादा खतरनाक होता है।चाइनीज मांझा नायलॉन के धागे से बना होता है और इस पर कांच या मैटेलिक पाउडर की परत चढ़ाई जाती है। यही वजह है कि इसमें धार ज्यादा होती है और इसका त्वचा पर असर बहुत जल्दी दिखाई पड़ता है।



### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बच्चों और शिक्षकों को दी यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 जनवरी।** 22 जनवरी को 35वां सडक सुरक्षा माह अभियान कार्यक्रम-2025 के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों एवं शिक्षण संस्थानों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर पहुंचे। इस दौरान उनके द्वारा स्कूल के बच्चों, उपस्थित ग्रामीणों एवं शिक्षकों को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं स्कूल के बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का पालन कितना आवश्यक है इस बारे में उनके द्वारा विस्तार पूर्वक समझाया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया, कि मार्ग में चलते समय हमेशा बॉये दिशा का प्रयोग करे, चलने के लिए फूटपाथ का प्रयोग या रोड किनारे चले, सड़क पार करने के लिए चौक-चौराहा या मार्ग के गेप में बने जेब्रा क्रासिंग से ही मार्ग पार करें। रोड क्रास करते समय यह भली-भांति देख ले की दॉये-बाये से कोई वाहन तो नहीं आ रही है। मार्ग में चलने के दौरान सड़क पर न दौड़े, वाहन से बाहर हाथ न निकाले, चलते वाहन में सुरक्षित बैठे, वाहन रूकने के बाद ही चढ़े व उतरे, हमेशा ही किनारे पर उतरे, स्कूल बस का इंतजार हमेशा लाईन में रहकर करें। यातायात नियमों के संबंध में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि नाबालिग छात्र-छात्राऐं वाहन न चलाए। दोपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार दोनों को हेलमेट धारण करना एवं चारपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार को सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है, बताकर यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिवार, पड़ोसी एवं दोस्तों को भी पालन कराने अपील की गई।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक कौशल आ. श्री धनवंत्री, जाति गोंड़ उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम सुवरबोड़, थाना बालोद, तह. डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका दिलेश्वरी पिता श्री बुधराम मंडावी, उम्र 26 वर्ष, जाति गोंड़, निवासी ग्राम गोटानपार, पो. कड़ीकसा, थाना चिचगढ़, तह. देवरी, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 15/02/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 16/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा

मुहर

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक/ /प्र.तह./2025
गुरूर दिनांक 20/01/2025

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी अरकार प.ह.नं. 02 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमन कुमार आ. शत्रुघन जाति गांड़ा निवासी अरकार तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पिता शत्रुघन आ. नारायण की जन्म/मृत्यु दिनांक 22/11/1988 को ग्राम अरकार में हुई है। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 30/01/2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्तः दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/01/2627 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
गुरूर
जिला बालोद (छ.ग.)

मुहर

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501095200027**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2024-2025
हरनसिंघी प.ह.न. 00021 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- भागचंद मारकंडेय,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागचंद मारकंडे आ. कचरू मारकंडे जाति सतनामी सा. हरणसिंघी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री कविता मारकंडे आ. भागचंद मारकंडे की जन्म दिनांक 15.09.2012 को ग्राम हरणसिंघी में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.01.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/01/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

मुहर

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501095200026**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2024-2025
हरनसिंघी प.ह.न. 00021 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- भागचंद मारकंडेय,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागचंद मारकंडे आ. कचरू मारकंडे जाति सतनामी सा. हरणसिंघी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री कंचन मारकंडे आ. भागचंद मारकंडे की जन्म दिनांक 28.01.2014 को ग्राम हरणसिंघी में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.01.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/01/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

मुहर

**कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग**

E-Mail:- dtic-durg.cg@gov.in
& dticdurg@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूर्णिमा सिंह, निवासी प्लाट नं. 801/2 (अर्क) चन्द्रलोक नगर, जुनवानी, नेहरू नगर, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग के पति श्री दिनेश सिंह का देहांत दिनांक 04.04.2021 को हो गया है। जिनके नाम पर मेसर्स सिंह ऑटोमोबाईल रिपेयरिंग एण्ड मैन्युफेक्चरिंग वर्क्स, प्लाट क्रमांक 68/सी एवं ई, हल्का औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग की पट्टे की भूमि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग द्वारा पूर्व में आबंटित की गई है। वर्तमान में संबंधित इकाई को आगे संचालन के लिए श्रीमती पूर्णिमा सिंह पति स्व. दिनेश सिंह द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः यदि कोई संस्था/व्यक्ति/सर्वसाधारण को यदि उपरोक्त भूमि के पट्टे के अधिकार के नामांतरण/हस्तांतरण पर यदि कोई आपत्ति है तो कृपया इस आम सूचना के प्रकाशन से 30 दिन के भीतर मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करें। कृपया ध्यान दें कि संबंधित 30 दिन की अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी तरह की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मुख्य महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र
दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501092200030**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्- 2024-2025
छंदीजोब (प.ह.न. 00027),
अक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- गणेशा बाई रमण उइके,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेशा बाई रमण उइके पिता श्री स्व. रजनू गोंड आयु 58 वर्ष जाति गोड निवासी ग्राम छिन्दीजोब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि कृषक ग्राम छिन्दीजोब प.ह.न. 27 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 104 में ख.न. क्रमशः 87/4, 106/1 रकचा ऋमशः 0.8090, 0.1620हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 0.9710 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में गणेशा बाई रमण उइके पिता रजनू गोंड जाति गोंड सा. छिन्दीजोब के नाम पर दर्ज है। आवेदिका की उक्त वाद भूमि का किसान किताब (ऋण पुस्तिका) भाग -1 एवं भाग 02 जो भूलवश कहीं गुम हो गई है। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना बोरतलाब में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि/आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.01.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/01/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
डोंगरगढ़

मुहर

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501092200038**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2024-2025
बोरतलाव (प ह न. 00027),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- संतोष कुमार,
अनावेदक पक्षकार- कांताबाई,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदक संतोष कुमार आ. अमरसिंह उम्र 48 वर्ष जाति गोंड निवासी बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक संतोष कुमार के द्वारा गोविंद आ. कांदा जाति गोंड ग्राम-बोरतलाव, के नाम से ख. न. 25/1 का टुकड़ा रकबा 1.00 एकड़ /0.405हे. को दिनांक 04.09.1974 व मंगतीन जो. पूरन गोंड निवासी बोरतलाव के नाम से कृषि भूमि ख.न. 79 का टुकड़ा, 475 रकबा 1.50 एकड़ 0.607, 0.44 एकड़/0.178 हे. दिनांक 25.07.1977 को विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है। आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख बी.1 में खसरा नम्बर 25/1 का टुकड़ा 19 का टुकड़ा. 475 रकबा 0.405. 0.607, 0.178 हेक्टर में आवेदक का नाम दर्ज नही है तथा उक्त खसरा नम्बर 25/1 का टुकड़ा, 79 का टुकड़ा. 475 रकबा 0.405, 0.607, 0.178 हेक्टर में कांताबाई पति शंकरलाल, लक्ष्मीबाई पिता शंकर, सुकराम पिता दयाराम, ताराबाई पिता दयाराम जाति-कलार निवासी-बोरतलाव का नाम आनलाईन में दर्ज है जोकि त्रुटिवश दर्ज हो गया है। उक्त खसरा नम्बर 25/1 का टुकड़ा, 79 का टुकड़ा. 475 रकबा 0.405, 0.607, 0.178 हेक्टर में कांताबाई पति शंकरलाल, लक्ष्मीबाई पिता शंकर, सुकराम पिता दयाराम, ताराबाई पिता दयाराम जाति-कलार निवासी बोरतलाव का नाम हटाकर उक्त खसरा में आवेदक का नाम आनलाईन में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 05.02.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/01/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
डोंगरगढ़

मुहर

## एक नजर

### वित्तीय परिणामों की घोषणा

**रायपुर, 23 जनवरी।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की प्रमुख बिल्डिंग मैटीरियल्स कंपनी ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अन ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। अपने सभी प्लांट्स में 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत में 5वां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। कंपनी वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के लिए सफल रेजोल्यूशन आवेदक के रूप में उभरने के बाद वित्तवर्ष 2027 की तीसरी तिमाही तक 31 एमएमटीपीए सीमेंट क्षमता प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

### अग्र वंशावली और इतिहास पर गोष्ठी का आयोजन

**रायपुर, 23 जनवरी।** आयोध्या में भगवान राम के दिव्य मंदिर जीर्णोद्धार की प्रथम पावन वर्षगाठ पर आज अग्रवाल समाज की अग्र वंश शोध परिषद् द्वारा वार्षिक कार्यक्रम अग्र वंशावली और इतिहास गोष्ठी का आयोजन किया गया, उक्त जानकारी देते हुए गोपाल कृष्ण भीमसरिया ने बताया कि वंशावली शोध परिषद के अध्यक्ष हर्षवर्धन गोयल, अरुण लाठ(कलकत्ता), भारत भूषण अग्रवाल(बीकानेर), डॉ विजय मित्तल (भुसावल), टीकमचंद कंदोई (शार्दुलपुर), श्रीराम शंकर खेमका (कलकत्ता), डॉ लोकमणि बंसल (कोटा), रितेश भारूका (महाराष्ट्र) सहित सैकड़ों अग्र स्वयंसेवीयो ने अपने विचार रखे। लता लाठ द्वारा प्रस्तुत वंशावली पर रचित कविता सबको बहुत सुंदर लगी एवं सभी का मन मोह लिया। इस सभा में अरुण लाठ द्वारा सिंगल गोत्र लाठ परिवार पर लिखी पुस्तक का विमोचन हुआ, उक्त 450 पृष्ठों की विस्तृत पुस्तक में आकर्षक डिज़ाइन, गुणवत्ता, लाठ परिवार की पैतीस पीढ़ियों की क्रमवार वंशावली, वरिष्ठ लाठ सदस्यों की छायाचित्र, समाज में योगदान और उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। यह पुस्तक अग्रवाल समाज की धरोहर है और आने वाले अनेक वर्षों तक इतिहास की जिज्ञासुओं का ज्ञान वर्धन करती रहेगी, इसी अवसर पर अग्रवालों की वृहद् वंशावली सूचि, वसुधैव कुटुंबकम् का विस्तृत कोष वार्षिक अंक 2024 विमोचित किया गया, यह प्राचीन वंशावली कोष पीढ़ियों को इतिहास की जानकारी देगा। लाठ वंशावली पुस्तक अपनी तरह का एक अनूठा सनातनी प्रयास है, इस पुस्तक के प्रकाशन से सनातन संस्कृति का संरक्षण और एक सार्थक प्रयास होगा, साथ ही अपनी समृद्ध संस्कृति को अपनी जड़ों को पुनः बल प्रदान करेगा।

### मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

**रायपुर, 23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पा, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान,मनमोहन अग्रवाल, ने बताया कि बताया कि चेंबर भवन में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा एमएसएमई के संयुक्त तत्वाधान में मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया जो 24 जनवरी तक विभिन्न विषयों पर आयोजित होगी। आज बैठक में एम राजीव, अधीक्षक, केंद्रीय जीएसटी विभाग तथा अभिनव दास, प्रबंधक, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के संयोजक और युवा चेंबर महामंत्री कांति पटेल ने बताया कि आज चौधरी देवीलाल उद्योग भवन में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा एमएसएमई विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया जो 24 जनवरी तक चलेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पटेल ने बताया कि आज कार्यक्रम में अभिनव दास, प्रबंधक, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों एवं पदाधिकारियों को एमएसएमई से संबंधित नवीन औद्योगिक इकाई लगाने हेतु तकनीकी जानकारी दी तत्पश्चात एम राजीव, अधीक्षक, केंद्रीय जीएसटी विभाग ने ई-वे बिल और जीएसटी इनपुट पर विस्तृत जानकारी दी साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों द्वारा पूछे गए सवालों का निराकरण किया गया ।

# भाजपा में महापौर टिकिट के लिए घमासान

## मीनल, सरिता, विश्वदिनी, सीमा प्रमुख दावेदार

**रायपुर, 23 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी में राजधानी के महापौर पद की टिकिट के लिए महिला नेत्रियों में घमासान मचा हुआ है। इसके पीछे प्रमुख कारण यह है कि प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति कमजोर है लिहाजा भाजपा प्रत्याशियों की जीत निश्चित मानी जा रही है। टिकिट के दावेदारों का कहना है कि चूंकि प्रदेश में भाजपा की सरकार है स कारण राजधानी रायपुर के विकास में धन की कमी नहीं आएगी। नई योजनाएं लांच किए जा सकेंगे। निर्माण कार्यों में गति आएगी। इससे खुद की भी छवि अच्छी बनेगी। अपने राजनीतिक सितारे को चमकाने के लिए यह अच्छा अवसर है। लिहाजा महापौर बनने की इच्छुक टिकिट के महिला दावेदार अपने-अपनी राजनीतिक गॉड फादर की दहलीज पर मत्था टेकने लगी हैं। भाजपा में महापौर पद की टिकिट के लिए सबसे बड़ी व मजबूत दावेदार तीन बार की पार्षद रहीं तथा नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल छगन चौबे हैं। उनके पति छगन चौबे भी पार्षद रह चुके हैं। मीनल किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। आक्रामक तेवर की मीनल बेहद लोकप्रिय हैं। तभी तो वे अलग-अलग वार्डों से जीतती रहीं हैं। भाषण कला में निपुण मीनल मूल रूप से ब्राह्मणपारा निवासी हैं। विवाह के बाद वे चंगोराभाठा में रहने लगीं हैं। पूर्व में वे भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रह चुकी हैं। मीनल टिकिट की प्रबल दावेदार हैं तथा वे आम जनता की पहली पसंद भी मानी जा रहीं हैं। उनकी जीत सुनिश्चित होने का दावा किया जा रहा है। वे संगठन में पूर्व मंत्री राजेश मूणत की खेमे की मानी जाती हैं। लिहाजा उन्हें सांसद बृजमोहन अग्रवाल को साधना पड़ेगा।

पूर्व में सुंदरनगर वार्ड से पार्षद चुनाव लड़ने का मन बनाने वाली ब्राह्मणपारा वार्ड की पार्षद सरिता आकाश दुबे ने अब महापौर पद के लिए ताल ठोंक दिया है। पहली बार की पार्षद सरिता के पति आकाश दुबे भी ब्राह्मणपारा के पार्षद रह चुके हैं। उनके पिता अश्वनी दुबे (अब स्वर्गीय) धरसींवा के विधायक थे। सरिता दुबे सांसद बृजमोहन अग्रवाल की समर्थक हैं। तेजतर्रार सरिता की अपने वार्ड की जनता में अच्छी पकड़ है। उनके पति आकाश दुबे ने अपनी लोकप्रियता बढ़ाई है। पूरे शहर में मीनल व सरिता के होर्डिंग्स लगे हुए हैं।

रानी लक्ष्मी वार्ड से निवृतमान पार्षद, विश्वदिनी पांडेय भी महापौर पद की प्रबल दावेदार हैं। कट्टर हिंदूवादी नेता विश्वदिनी पेशे से अधिवक्ता हैं। वे हिन्दूवाद से जुड़े मुद्दे उठाती रहीं हैं। उन्होंने कई आंदोलन भी किए हैं। ऐसा माना जाता है कि विश्वदिनी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का समर्थन प्राप्त है। उनका नाम संघर्षशील व आक्रामक नेता की सूची में शामिल है।

सन् 2009 में शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड से पहली बार पार्षद चुनाव जीतने वाली सीमा संतोष साहू भाजपा रायपुर जिला की मंत्री पद पर कार्य कर चुकी हैं। वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष हैं। उन्होंने ओबीसी मतदाताओं की बड़ी संख्या का ध्यान रखते हुए महापौर के लिए टिकिट देने की मांग संगठन से की है। जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा भी भाजपा की टिकिट पर महापौर चुनाव के मैदान में उतरना चाहती हैं। चूंकि महापौर का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है इस कारण महिला दावेदारों की संख्या बढ़ रही है। यहां एक बात ध्यान देने योग्य है कि भाजपा प्रचलित नामों से हटकर कोई नया नाम खोज निकाल लेती है। भाजपा के कई नेता व पूर्व पार्षद भी अपनी-अपनी पत्नी का नाम आगे बढ़ा रहे हैं। ज्ञात हो कि रायपुर में चारों विधानसभाओं को मिलाकर 70 वार्ड हैं।



### भाजपा चुनाव समिति की बैठक 24 को

निकाय चुनाव के तारीखों के ऐलान के बाद प्रदेश में सियासी हलचल बढ़ गई हैं. प्रत्याशियों के चयन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं. प्रदेश कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल यानी शुक्रवार को भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है. इस बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन शामिल होंगे. कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल होने वाली बैठक में महापौर प्रत्याशियों पर चर्चा कर पार्टी फैसला करेगी. प्रत्याशी के चयन की प्रक्रिया संभागीय समिति और प्रदेश समिति के अनुमोदन के बाद होगी. प्रत्याशियों पर भाजपा चुनाव समिति अंतिम फैसला लेगी. अटकलें है कि 25 जनवरी तक नगर पालिका और पंचायत अध्यक्षों के प्रत्याशी का ऐलान हो सकता है.

### संकटमोचन की शरण में उम्मीदवार



छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर 21 जनवरी से नामांकन प्रक्रिया जारी है. इस दौरान महापौर पद की दावेदारी को लेकर हलचल काफी तेज हो गई है. महापौर पद की दावेदारी कर रहे नेता वरिष्ठ नेताओं के साथ ही अब भगवान से भी टिकट दिलाने की आस लगा रहे हैं. रायपुर पार्षद सरिता वर्मा ने संकट मोचन हनुमान मंदिर में अर्जी लगाई है. उन्होंने लिखित पत्र में हनुमान से महापौर पद के लिए भाजपा से टिकट दिलाने की लगाई है.

# एनओसी लेने निगम कार्यालय का चक्कर काट रहे दावेदार

- निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में कई निवर्तमान पार्षद
- थानों से भी लेना होगा चरित्र प्रमाण पत्र

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 23 जनवरी।** नगर नगम के पार्षद पद के दावेदार अब नगर निगम में अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के लिए चक्कर काट रहे हैं। पिछले चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतने वाले पार्षदों ने इस चुनाव में भी चुनाव लड़ने की मानसिकता बना ली है। भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों की अधिकृत सूची जारी नहीं हुई है लेकिन कई नेता बागी चुनाव मैदान में उतरने की मानसिकता बना चुके हैं।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में इस समय नामांकन पत्र खरीदने वाले सक्रिय हो गए हैं। चुनावी दावेदारों का कहना है कि समय काफी कम है। नगर निगम में सम्पत्ति कर पटाने के पश्चात एनओसी मिलता है। इसके पश्चात् सम्पत्ति का विवरण बनाना होता है। वार्ड के संबंधित थाने से चरित्र प्रमाण पत्र लेना पड़ता है। इसके लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। माधव राव सप्रे वार्ड के निर्दलीय चुनाव जीतने वाले वीरेन्द्र देवांगन ने बताया कि उन्होंने एनओसी प्राप्त कर ली है। वे फिलहाल कांग्रेस में प्रवेश कर चुके हैं। लेकिन यदि पार्टी टिकिट नहीं देती है तो वे निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। वामनराव लाखे वार्ड से चुनाव लड़ने वाली विजेता यादव पिछला चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत चुकीं हें। इस चुनाव में भी बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ने की मानसिकता बना चुकी है। कांग्रेस पार्षद रितेश त्रिपाठी ने बताया कि वे स्वामी आत्मानंद वार्ड से चुनाव लड़ने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए टिकिट का इंतजार है। निर्दलीय पार्षद अमर बंसल का कहना है कि वे भी चुनावी मैदान में उतरेंगे। लेकिन पार्टी यदि उन्हें प्रत्याशी नहीं बनाती है तो वे भाजपा का साथ देंगे। यहां से पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के मित्र विकास अग्रवाल ने ताल ठोक दी है। उन्हें टिकिट नहीं मिली है लेकिन चुनावी कार्यालय खोल चुके हैं। भाजपा की ओर से पूर्व मंडल अध्यक्ष रुपेश ठाकुर एवं अन्य नेता टिकिट की मांग कर रहे हैं। इस वार्ड में विधायक राजेश मूणत रहते हैं। इसलिए यहां से अपने समर्थक को टिकिट दिलाने प्रयास कर रहे हैं।

### तीसरी बार चुनाव मैदान उतरने की तैयारी

कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड से तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरने वाली सुशीला धीवर ने कहा कि वे भी चुनावी मैदान में उतरेंगी। यहां से वे बतौर भाजपा प्रत्याशी चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उन्हें संगठन के वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद प्राप्त है। इसके बाजू वाले वार्ड में विश्वदिनी पांडेय ने कहा कि वे महापौर पद की दावेदार हैं लेकिन यदि पार्टी टिकिट नहीं देती तो वे पार्षद पद का चुनाव लड़ेंगी। इस समय महिला अधिवक्ताओं में भी होड़ लगी हुई है। तात्यापारा और भक्त माता कर्मा वार्ड में शैलेंद्री परगनिहा के सक्रिय होने के कारण स्थानीय नेता परेशान हैं। धार्मिक पार्टी के नाम पर माता गुमावती पार्टी का गठन किया जा रहा है। इस पार्टी से निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए कई लोग सक्रिय हैं। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड और डीडी नगर वार्ड में भी भाजपा और कांग्रेस की महिला नेत्री हाथ आजमाना चाहती हैं। महामाया वार्ड से सरिता वर्मा की दावेदारी सुनिश्चित है। यह महिलाओं के लिए आरक्षित हो गया है।

### नेताम ने ली बैठक

शासन द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के लिए रामविचार नेताम को प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों से टिकिट को लेकर चर्चा की है। कांग्रेस प्रवक्ता के अनुसार समय काफी सीमित है। अधिकांश प्रत्याशी 25 और 26 जनवरी को छुट्टी होने के बाद 27 जनवरी को ही अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

### निकाय चुनाव कांग्रेस के पांच साल के कुशासन बनाम भाजपा के एक साल के विकास कार्य के बीच होगा : साव

**रायपुर, 23 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, नगरीय निकायों के लिए आज से नामांकन की प्रकिया प्रारंभ हो गई है। इस चुनाव को लेकर लोगों में भारी उत्सुकता है, शहर की जनता विकास के लिए भाजपा को चुनेगी, क्योंकि पिछले एक साल में भाजपा सरकार ने जनता के आकांक्षाओं को पूरा करने का काम किया है। शहरों के सुव्यवस्थित विकास, सफाई, प्रकाश, जल व्यवस्था को बेहतर कार्य किया है। निश्चित रूप से इस बार नगरीय निकाय के चुनाव में कमल खिलेगा। साव ने चुनाव तैयारियों को लेकर कहा कि, भाजपा की संभाग स्तर की बैठक हो गई है। आज जिले की चयन समिति की बैठकें है। कल संभाग समिति की बैठकें है। पार्टी समय पर प्रत्याशियों का चयन कर लेगी और समय पर घोषित प्रत्याशियों के नामांकन हो जाएंगे।



कांग्रेस नेताओं की पत्नी और कुछ जगह मारपीट की घटना पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है। इनके बड़े नेता राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद चलाते है तो निचले स्तर के नेताओं को लगता है कि यहां भी चलेगा। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस में आपसी झगड़े हैं, अपने अस्तित्व को लेकर संघर्ष कर रहे है। जो अभी से आपस में लड़ रहे है तो जनता इस पर कैसे भरोसा करेगी। जनता ने तय कर लिया है इन्हें घर बैठाने के लिए, ताकि ये आपस में ऐसे ही लड़ते रहे। शहरों के विकास का काम भाजपा करती है, इसलिए शहर की जनता भाजपा को चुनेगी। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, निकायों में कांग्रेस ने सिर्फ भ्रष्टाचार कर शहरों के विकास को अवरुद्ध किया है। इन्होंने जन हितों की अवहेलना की है। इन सारे मुद्दों लेकर हम जनता के बीच जाएंगे। कांग्रेस ने पांच सालों में नगरीय निकायों में क्या किया और इन एक साल में हमने क्या इसे बताएंगे।

# जनता से डरी कांग्रेस, घोषणा पत्र के लिए नहीं मांगे सुझाव

**रायपुर, 23 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि 2018 के चुनावों में कांग्रेस ने बढ़ चढ़ कर घोषणा पत्र में जनता से सुझाव लेने की बात को प्रचारित किया था इसके लिए बाकायदा टी. एस. बाबा जगह-जगह घूमे थे लेकिन इस बार नगरीय निकाय के चुनावों में कांग्रेस ने जनता से कन्नी काट ली है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जनता से भाग रही है, जनता के बीच जाने से डर रही है। उन्होंने कहा कि अखबारों में प्रकाशित खबरों के अनुसार कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार हो गया है लेकिन उसमें जनता की सोच, जनता के मांग, जनता का संकल्प नहीं है आखिर कांग्रेस ने ऐसा क्यों किया? इसका जवाब सीधा सा है कि कांग्रेस किस मुंह से जनता के पास जाती।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 5 साल सरकार चलाते कांग्रेस ने जिस प्रकार जनता के सपनो को कुचला, अब वह जनता के बीच जाने से घबरा गई है। कांग्रेस का विजन केवल भ्रष्टाचार है, कांग्रेस का संकल्प केवल कुशासन है, ये कांग्रेस भी जानती है और जनता भी जान गई है। इसीलिए कांग्रेस ने जनता से सुझाव नहीं मांगे। दीपक बैज बताए जनता से इतना क्यों डर रहे है?



# आपातकालीन प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण



**रायपुर, 23 जनवरी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 में जागरूकता के लिये आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अनुक्रम में पुलिस मुख्यालय में कार्यरत कर्मियों के लिये आपातकालीन प्राथमिक उपचार एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में इंटरनेशनल रोड़ फेडरेशन नई दिल्ली के प्रशिक्षकों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की त्वरित सहायता एवं आकस्मिक उपचार के लिये अपनाई जाने वाली विधिवत् प्रक्रिया से अवगत कराया गया। संजय शर्मा, अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) द्वारा उपस्थित समस्त कर्मियों को सडक सुरक्षा के लिये स्वअनुशासन को सबसे पहले स्वयं आत्मसात् करने तथा परिवार एवं शुभचिंतकों को सडक उपयोगकर्ताओं/सडक दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने तत्पर रहने व त्वरित उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल में पहुंचाने हेतु पहल करने प्रेरित किया। इस अवसर पर अमित गुप्ता, संयुक्त निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रायविंग रिसर्च द्वारा सड़क सुरक्षा परिदृश्य, दुर्घटनाओं के कारण तथा बचाव के संबंध में दृश्य श्रव्य माध्यम से रोचक जानकारी दी गई।

### आईडब्ल्यूडीसी ने राष्ट्रीय जलमार्गों पर बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड के लिए कदम उठाए

रायपुर, 23 जनवरी। भारत में अंतर्देशीय जलमार्गों के प्रचार और विकास पर नीति विचार-विमर्श के लिए सर्वोच्च संस्था इलैंड वॉटरवेज डेवलपमेंट काउंसिल ने राष्ट्रीय जलमार्गों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए बड़े घोषणाओं की पेशकश की है। अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, जो बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत है, द्वारा आयोजित की दूसरी बैठक में अगले पांच वर्षों में 50, 000 करोड़ से अधिक के निवेश की घोषणा की गई। इस बैठक में 21 अंतर्देशीय जलमार्ग वाले राज्यों के लिए 1400 करोड़ से अधिक की नई पहलों की शुरुआत की गई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने की।

# जनता के सपनों का घोषणा पत्र जारी करेगी भाजपा



**रायपुर, 23 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र को लेकर नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि नगरीय निकायों में इस बार जनता से लिए गए सुझाव के आधार पर भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। इसके लिए उन्होंने whatsapp नंबर 9111014400 से, क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल morsujhav@bjpcg.com अर्थात मोर सुझाव ऐट जी मेल डॉट कॉम के माध्यम से सुझाव मांगे है।

घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिर से चुनाव का शंखनाद हो गया है। प्रदेश का यह चुनाव मूलतः उस विश्वास का जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल की है। हमने पिछले महीने ही 'जनादेश परब' में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। इस वर्ष को विष्णुदेव सायजी की सरकार ने 'अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। आप जानते ही हैं कि यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटलजी की शताब्दी वर्ष भी है।

घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष के अधोसंरचना के क्षेत्र के अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करती भी है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे हैं, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहा तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सरकार बीएड शिक्षकों का तत्काल समायोजन करे : कांग्रेस

**रायपुर, 23 जनवरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि प्रदेश के 2897 सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने के लिये आंदोलनरत है, धरने पर बैठे है सरकार है कि इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले रही है। इन शिक्षकों को सरकार ने भर्ती निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने बाद नियुक्ति दिया था। सरकार इस मामले का समाधान निकाल डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिये अलग भर्ती निकाले तथा इन पहले से नियुक्ति पा चुके 2897 शिक्षकों की सेवा आगे सुनिश्चित रखने की व्यवस्था करें। इन शिक्षकों की भर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान ही हुआ था ऐसा नहीं है भाजपा सरकार बनने के बाद भी तीसरी और चौथी काउंसलिंग 9 फरवरी 2024 तथा 7 मार्च 2024 को हुई थी तथा इनकी नियुक्तियां हुई थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार कमेटी बनाकर मामले को टालना चाहती है। सीएस की अध्यक्षता में बनाई गयी कमेटी की समयावधि निर्धारित किया जाये। 10 या 15 दिन में कमेटी से निर्णय मंगाया जाये। कमेटी बनाये भी 10 दिन से अधिक हो गया, सरकार टालमटोल वाला रवैय्या बंद करे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि इस मामले प्रभावित अधिसंख्यक शिक्षक बस्तर और सरगुजा संभाग के है तथा दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ है। 2897 में से 70 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति वर्ग से आते है। यह इन के भविष्य का सवाल है। सरकार इनके मामले में सहानुभूति पूर्वक निर्णय करें।

द्वितीय पुण्यतिथि



स्व.पत्रकार जितेंद्र जैन जी
तुम न जाने किस, जहां में खो गए
हम भरी दुनिया, में तन्हा हो गए।।
आज प्रथम पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं
श्रद्धावनत्
डॉ प्रदीप जैन एवं समस्त जैन परिवार सिमगा

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26